seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

खुश होने से पहले बहाने ढूँढ़ने चाहिए और खुश रहना चाहिए। बाद में ये बहाने कारण बन जाते। सचमुच की खुशी देने लगते।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 297 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026 गिल ने नेट्स पर तैयारी शुरू की:न्यूजीलैंड... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

चुनावी नाकाबंदी में साड़ियां-गमछे जब्त



धौलपुर। पंचायत राज चुनाव के मद्देनजर सदर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक वाहन से 836 साड़ियां और 440 गमछे बरामद कर जब्त किए। पुलिस को आशंका है कि इन्हें मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि सामान किस प्रत्याशी के लिए लाया जा रहा था। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस की सघन जांच अभियान जारी है।



संदिग्ध लेन-देन पर निगरानी और मुआवजे की व्यवस्था को लेकर दिए अहम निर्देश

डिजिटल ठगी के पीड़ितों को राहत कोर्ट ने बैंकों की जवाबदेही तय की

नई दिल्ली।

डिजिटल धोखाधड़ी और 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि ग्राहकों की सुरक्षा बैंकों की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि यदि बैंक की लापरवाही या उचित जांच में कमी के कारण किसी ग्राहक को साइबर ठगी का नुकसान होता है तो वित्तीय संस्थानों को उसकी भरपाई करनी होगी।



असामान्य लेन-देन पर तुरंत कार्रवाई जरूरी

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि बैंक ग्राहकों के लिए सुरक्षा कवच की तरह काम करें। असामान्य लेन-देन को तुरंत पहचानकर अस्थायी रोक, स्वचालित रिपोर्टिंग और पुलिस को सूचना देने जैसे कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति सामान्य तौर पर छोटी राशि का लेन-देन करता है और अचानक बड़ी रकम की निकासी होती है तो बैंक को उसे तत्काल जांच के दायरे में लेना चाहिए।

व्हाट्सऐप ने 9,400 संदिग्ध खाते किए प्रतिबंधित

सुनवाई के दौरान व्हाट्सऐप ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने डिजिटल धोखाधड़ी से जुड़े 9,400 संदिग्ध खातों को प्रतिबंधित किया है। अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक के केवाईसी संशोधन निदेर्शों की भी समीक्षा करने की बात कही है, ताकि धोखाधड़ी रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जा सके।

मोबाइल को दीवार पर दें मारें, गिरफ्तारी का डर ही खत्म हो जाएगा

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने पीड़ितों के आसानी से साइबर अपराधियों के जाल में फंसने पर हैरानी जताई। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, 'क्या लोग इतनी सी बुनियादी बात भी नहीं समझ सकते कि मोबाइल से गिरफ्तारी नहीं हो सकती। अगर यही है तो मोबाइल को दीवार पर दे मारें, गिरफ्तारी का डर ही खत्म हो जाएगा।' सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में किसी व्यक्ति की मोबाइल कॉल या वीडियो कॉल के जरिए गिरफ्तारी नहीं हो सकती। इसके बावजूद लोग ठगों के डर में आकर पैसे गंवा रहे हैं। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि हाल में एक महिला से 2.5 करोड़ रुपये की ठगी हुई। सीजेआई ने कहा कि मीडिया और जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग ऐसे मामलों का शिकार हो रहे हैं, यह चिंता का विषय है। अदालत ने बैंकों की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संदिग्ध लेन-देन को तुरंत रोकने की व्यवस्था जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैंकों पर सख्त जिम्मेदारी तय किए बिना डिजिटल धोखाधड़ी रोकना मुश्किल होगा।

म्यूल अकाउंट्स पर भी सख्ती

कोर्ट ने अवैध धन हस्तांतरण के लिए इस्तेमाल होने वाले 'म्यूल अकाउंट्स' की समस्या पर चिंता जताई। अदालत आरबीआई से सभी अधिकृत वित्तीय संस्थानों की जानकारी लेकर डिजिटल फ्रॉड रोकने के उपायों का आकलन करेगी। केंद्र सरकार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और जागरूकता अभियानों के बाद डिजिटल अरेस्ट के मामलों में कमी आई है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि चालू वर्ष में ऐसे अपराधों से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से बैंकिंग प्रणाली में निगरानी मजबूत होने और ग्राहकों का भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

विधायक के बंगले से चोरी

जयपुर। सिविल लाइंस स्थित भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी के निजी बंगले में चोर ने देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर खिड़कियों के दरवाजे तोड़कर घर में दाखिल हुआ और करीब एक से सवा लाख रुपये नकद व आर्टिफिशियल आभूषण ले गया। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

कर्नाटक में दूध 8 रु. लीटर महंगा

बेंगलुरु। कर्नाटक कैबिनेट ने दूध की कीमत में 8 रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। नई दरें 1 नवंबर से लागू होंगी। मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने बताया कि बढ़ी कीमत में से 7 रुपए सीधे किसानों को और 1 रुपया दुग्ध संघों को मिलेगा। किसानों ने 10 रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी की मांग की थी। फैसले के बाद किसानों को सरकारी प्रोत्साहन सहित करीब 47 रुपए प्रति लीटर मिलेंगे।

किसान के खेत में बम गिरा

जैसलमेर। मोहनगढ़ क्षेत्र के 3 केएनएम में गुरुवार को किसान तुलसाराम के खेत में संदिग्ध बम गिरने से हड़कंप मच गया। घटना के समय किसान खेत में काम कर रहा था, लेकिन बम कुछ दूरी पर गिरने से जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पुलिस और सेना की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक आशंका है कि फील्ड फायरिंग रेंज के युद्धाभ्यास के दौरान गोला निर्धारित क्षेत्र से बाहर आ गिरा।

विकास अधिकारी रिश्वत लेते काबू

खैरथल-तिजारा। एसीबी ने खैरथल-तिजारा जिले में मुण्डावर पंचायत समिति के विकास अधिकारी संजय कुमार यादव और कनिष्ठ सहायक रितिक कुमार को 65 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि परिवादी की फर्म मेसर्स अमनदीप को मुण्डावर पंचायत समिति के माध्यम से ग्राम पंचायत मातौर और ग्राम पंचायत नगंली ओजा में सफाई के ठेके जारी किए गए थे। फर्म की ओर से किए गए पाइपलाइन कार्य के बिलों की माप पुस्तिका (एमबी) भरवाने और पूर्व में जारी ठेकों से जुड़े कार्यों के सिलसिले में विकास अधिकारी संजय कुमार यादव द्वारा कथित तौर पर 65 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

जमीन के नीचे तीन ड्रमों में 5 करोड़ का कैश बरामद

पुलिस ने घर सील किया, आयकर विभाग कर रहा नोटों की गिनती

लखनऊ। प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर गांव में पुलिस ने एक घर की जमीन के नीचे दबे तीन नीले ड्रमों से करोड़ों रुपये की नकदी बरामद की है। शुरूआती जांच में ड्रमों से पांच करोड़ रुपये से अधिक कैश मिलने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, गांव में बरामद रकम को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राकेश यादव उर्फ महाकाल के घर में जमीन के नीचे नकदी छिपाकर रखी गई है। बुधवार शाम एसीपी और डीसीपी गंगानगर की टीम ने कार्रवाई करते हुए पहले इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कराई और फिर 40 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ घर की तलाशी ली। खुदाई के दौरान तीन ड्रम मिले, जिनमें 500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी थीं।

पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर मकान सील कर दिया है। आयकर विभाग की टीम नोटों की गिनती कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लॉकडाउन के दौरान पुणे से गांव आया था और बाद में उसने जमीन व संपत्ति खरीदनी शुरू की थी। मामले की जांच जारी है।

मैट्रिमोनियल साइट पर 25 युवतियों से 74 लाख ठगे

इसरो वैज्ञानिक और आईआईटी इंजीनियर बताकर बनाते थे शिकार, लग्जरी कार समेत सामान बरामद

उरई। यूपी के उरई में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए शादी का झांसा देकर युवतियों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। इनके पास से छह मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, सात एटीएम कार्ड और लग्जरी कार बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को इसरो वैज्ञानिक, आईआईटी इंजीनियर और मल्टीनेशनल कंपनी का मैनेजर बताकर फर्जी प्रोफाइल बनाते थे। सूट-बूट वाली तस्वीरें, विदेश यात्राओं और बड़ी कंपनियों के फर्जी दस्तावेज दिखाकर युवतियों का भरोसा जीतते थे। इसके बाद पिता के एक्सीडेंट, मां की बीमारी या खुद की परेशानी का बहाना बनाकर पैसे ऐंठ लेते थे।



15 नवम्बर तक डीपीसी के निर्देश

जयपुर। राजस्थान सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कार्मिक विभाग ने सभी प्रशासनिक विभागों, विभागाध्यक्षों और नियुक्ति प्राधिकारियों को 15 नवंबर तक वर्ष 2026-27 की विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) की बैठकें आयोजित करने को कहा है। विभाग ने बताया कि सेवा नियमों के अनुसार हर वर्ष 1 अप्रैल की स्थिति में वरिष्ठता सूची तैयार कर रिक्त पदों के आधार पर पदोन्नति की कार्रवाई जरूरी है। कई विभागों में डीपीसी नहीं होने से कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब सरकार ने समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



सूरतगढ़ :टैगोर पीजी कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

टैगोर पीजी कॉलेज में सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी व ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हुई प्रतियोगिता में दीपक स्वामी को मिस्टर फ्रेशर और खुशी कौर को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टैगोर एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक डॉ. सुशील कुमार जेतली ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, कॉमेडी सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रतिभा दिखाई। बेस्ट स्माइल, बेस्ट ट्रेडिशनल आउटफिट, मोस्ट चार्मिंग फेस, बेस्ट हेयरस्टाइल, मैचिंग-मैचिंग व बेस्ट आईक्यू प्रतियोगिताएं भी हुईं। मुख्य अतिथि डॉ. सुशील कुमार जेतली ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने, निराशा से दूर रहने और नशे से बचकर सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय निदेशक डॉ. सचिन जेतली ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम संयोजक व अतिरिक्त निदेशक गगन सिंह ने बताया कि निर्णायक इंटीग्रेटेड कोऑर्डिनेटर अश्वनी सोनी, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. मेघा गुप्ता, डॉ. प्रियंका सोनी, विभागाध्यक्ष युद्धिष्ठर कुमार, कृपा जोशी व सपना रहे। प्राचार्य डॉ. गुरमीत सिंह के निर्देशन में स्टाफ व विद्यार्थियों ने सहयोग किया। मंच संचालन गगन सिंह, आकाश स्वामी, वाइज, ज्योति व वंशिका ने किया।

डॉ. जयप्रकाश कच्छावा सम्मानित

बीकानेर। पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के पशुचिकित्सा औषधि विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जय प्रकाश कच्छावा को पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'प्रो. नीलेश शर्मा साइंटिफिक अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पशु चिकित्सा आंतरिक एवं निवारक चिकित्सा सोसायटी की ओर से 26 से 28 अक्टूबर 2026 तक पशुचिकित्सा स्नातकोत्तर शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, जयपुर में आयोजित कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया गया। डॉ. कच्छावा को यह पुरस्कार उनके अनुसंधान कार्य, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए दिया गया। वे पशु चिकित्सा औषधि विषय में शिक्षण, शोध एवं पशु स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

तीरंदाजी में मैताली ने जीता रजत पदक, श्रीगंगानगर का बढ़ाया गौरव



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

46वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर की मैताली ने रजत पदक जीतकर राजस्थान और अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोडिया की बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मैताली ने जयपुर के जगतपुरा स्थित तीरंदाजी रेंज में आयोजित प्रतियोगिता के व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच मैताली ने अपनी एकाग्रता, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। महाविद्यालय की बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रेखा ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने मैताली को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

सीमा संदेश प्राप्त करें

सुबह-सवेरे चाय की प्याली से भी पहले सूर्योदय से पूर्व सीमा सन्देश प्राप्त करें। आपके अपने अखबार सीमा सन्देश में आपके प्रतिष्ठान व गृह मुहुर्त, जन्मदिन, शादी की सालगिरह, पारिवारिक दुःख-सुख के समाचारों का निशुल्क प्रकाशन किया जाता है। सीमा सन्देश लगवाने के लिए आप निम्न मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं

मो.94135-34510 (रामदित्ता चावला)

मो. 70140-01745 (अमन चावला)

विज्ञापनों व अन्य निशुल्क सेवाओं के लिए

डॉ. रणवीर सिंह

94144 34202

निकट पुराना व्यापार मंडल कार्यालय, श्रीकरणपुर) से संपर्क करें, धन्यवाद!

पूर्व जिला प्रमुख की पुण्य तिथि पर की गोसेवा

सुजानगढ़। चूरू जिले की प्रथम महिला जिला प्रमुख स्वर्गीय बनारसी मेघवाल की छठी पुण्यतिथि पर गुरुवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। उनके भाई एवं विधायक मनोज मेघवाल व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की व स्थानीय गोपाल गोशाला में गायों को हरा चारा, गुड़, खल तथा सात धान के लड्डू खिलाए। ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पार्षद बजरंग सैन और रामावतार मंगलहारा ने भी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपसभापति सोनिया शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीसीटीवी में नजर आए दो संदिग्ध, फुटेज के आधार पर पहचान के प्रयास जारी

ऊपरी मंजिल सोते रहे घर वाले; कमरों के कुडियां लगा चोर ले गए सोने-चांदी के आभूषण व नकदी

सीमा सन्देश# सूरतगढ़



शहर के सूर्योदय नगरी स्थित वार्ड नं.37 में बीती रात्रि चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण व 28 हजार रुपए नकद चुरा लिए। वारदात के दौरान घर के सो रहे सदस्यों को कमरों की कुंडियां लगाकर अंदर बंद कर दिया गया।तड़के करीब 3 बजे परिवार को चोरी का पता चला। इस वारदात में पास ही स्थित श्री हनुमान मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्धों के दिखाई देने की बात सामने आई है। चोरों ने पास के नंदकिशोर के मकान में भी चोरी का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। पीड़ित जगजीत सिंह ने सिटी थाना पुलिस को दी जानकारी में बताया कि वारदात के समय वह मकान की ऊपरी मंजिल पर सो रहा था। रात करीब 3 बजे उसके पिता की नींद खुली तो उनके कमरे की कुंडी बाहर से बंद मिली। पिता ने फोन कर इसकी जानकारी दी। नीचे आने पर जगजीत सिंह ने देखा कि उसके पिता के कमरे के अलावा भाई मनजीत सिंह के कमरे की कुंडी भी बाहर से बंद थी। इसके बाद मकान के निचले हिस्से में बने एक कमरे में सामान बिखरा मिला। अलमारी संभालने पर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी गायब मिले। घटना की जानकारी मिलने पर जगजीत सिंह पार्षद अशोक मखीजा, पड़ोसी बाबूसिंह खींची, नंदकिशोर आदि के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को रिपोर्ट दी।

28 हजार रुपए भी ले गए: परिवादी के अनुसार, चोर मकान से सोने की तीन अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के टॉप्स के अलावा चांदी की तीन जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया, एक चांदी का सिक्का, एक चेन, बच्चों के चांदी के दो जोड़ी कंगन, एक छोटा चांदी का कड़ा, तीन बड़े चांदी के कड़े, दो चांदी के लॉकेट, चार चांदी की अंगूठियां, दो जोड़ी चांदी की चूड़ियां, चांदी के नजरिये चोरी कर ले गए। इसके अलावा घर में रखे 28 हजार रुपए भी गायब मिले। सहायक उप निरीक्षक सुनील बाबल ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। श्री हनुमान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्धों के दिखाई देने की जानकारी मिली है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला परिषद चुनाव; प्रचार की स्वीकृति हेतु एसडीएम अधिकृत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर । पंचायत राज आम चुनाव में जिला परिषद सदस्य के चुनाव प्रचार हेतु वाहन, लाउडस्पीकर, माइक, कट आउट, होर्डिंग्स, बैनर, सभा एवं चुनाव कार्यालय स्थापित करने की अनुमति के लिए जिले के समस्त एसडीएम को अधिकृत किया गया है। निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि अनुमति के लिए जिले के समस्त एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। जिला परिषद सदस्य के चुनाव में अभ्यर्थी अधिकतम 3 वाहनों का, पंचायत समिति सदस्य चुनाव में अभ्यर्थी दो वाहनों का एवं सरपंच पद के चुनाव में अभ्यर्थी द्वारा एक वाहन का उपयोग किया जा सकेगा। किसी भी निर्वाचन में बताए गए वाहनों सहित 3 से अधिक वाहनों की रैली या काफिला नहीं निकाला जाएगा। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के 48 घंटे पूर्व की अवधि में ऐसी रैली या काफिला निकाला जाना पूर्णतया निषेध रहेगा। वाहन से अभिप्रेत जीप, कार, तिपहिया टैम्पो आदि से है।

सूरतगढ़ : गोवंश का कटा सिर मिलने के प्रकरण में पुलिस के हाथ खाली

सीमा सन्देश# सूरतगढ़।



भाटिया आश्रम के सामने गली में गोवंश का कटा सिर मिलने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित गौ भक्तों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में गौ प्रेमियों ने सिटी पुलिस थाने में प्रदर्शन कर पुलिस को 48 घंटे में आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार करने व उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग को बुलंद किया। चेतावनी दी गई कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस थाने का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि घटना की जांच करने के साथ आरोपियों का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान पार्षद प्रमोद ज्याणी, त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राजेश भाटी, स्वामी शंकारानंद गिरी, एडवोकेट अनिल भार्गव, अखिल राजस्थान हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री श्याम सुंदर, प्रकाश कुकना, श्याम शर्मा, विक्रम कुमार, नारायण सिंह, ललित पारीक, अमर सिंह, सुभाष कुमार, शिव शंकर, जसविंदर सिंह, विश्व हिंदू परिषद के किशन लाल स्वामी, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सूरतगढ़ पीजी कॉलेज में इंटरकॉलेज बेस्ट फिजिक प्रति.आयोजित

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सूरतगढ़ पीजी कॉलेज में अंतरमहाविद्यालय बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों ने मांसपेशियों के संतुलन, शारीरिक दक्षता व अनुशासन का प्रदर्शन किया। श्री गोशाला के अध्यक्ष सुशील धानुका की अध्यक्षता और नगरपालिका सहायक अभियंता महेंद्र के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों में राजकुमार गर्ग, वरुण गर्ग, प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा व डॉ. नारायण छींपा और शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार कटारिया शामिल रहे। अतिथियों ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इनसे आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित होती है। वक्ताओं ने युवाओं से शिक्षा के साथ फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की। प्राचार्यों और शारीरिक शिक्षकों ने नियमित व्यायाम, संतुलित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली को शारीरिक सौष्ठव का आधार बताया। प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के निर्णायकों की देखरेख में संपन्न हुई।

महक जैन ने जीता 8 हजार रुपये का कैशबैक, खरीदारी के साथ मिल रहा अतिरिक्त लाभ

करवाचौथ पर न्यूलाइट ज्वेलर्स में खरीदारी का उत्साह, 'स्पिन एंड विन' योजना बनी ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



करवाचौथ पर्व के अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान न्यूलाइट ज्वेलर्स, 85 जवाहर मार्केट में ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। त्योहार के मौके पर आभूषणों की नई डिजाइनों और आकर्षक ऑफर्स को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

8 हजार रुपये के कैशबैक को लेकर उत्साह

न्यूलाइट ज्वेलर्स की आकर्षक 'स्पिन एंड विन' योजना ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसी योजना के तहत श्रीगंगानगर निवासी महक जैन ने खरीदारी के बाद स्पिन कर 8,000 रुपये का कैशबैक जीता। करवाचौथ पर ग्राहकों ने अपनी पसंद के आभूषण खरीदने के साथ-साथ कैशबैक जीतने के अवसर का भी लाभ उठाया।

हर एक लाख की खरीदारी पर मिलता है स्पिन का मौका

प्रतिष्ठान के संचालक एम.पी. सिंह ने बताया कि ह्यस्पिन एंड विनह्ल योजना को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। योजना के तहत ग्राहक प्रत्येक एक लाख रुपये की खरीदारी पर एक स्पिन का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। अधिक खरीदारी करने पर ग्राहकों को अधिक स्पिन के मौके मिलते हैं, जिससे आकर्षक कैशबैक जीतने की संभावना भी बढ़ जाती है।

शुद्धता और बेहतर सेवा के लिए प्रतिबद्ध

एम.पी. सिंह ने कहा कि न्यूलाइट ज्वेलर्स का उद्देश्य ग्राहकों को आभूषणों की शुद्धता, नवीनतम डिजाइन और उत्कृष्ट सेवा के साथ बेहतर खरीदारी अनुभव उपलब्ध कराना है। त्योहारों के मौसम में 'स्पिन एंड विन' योजना के माध्यम से ग्राहकों को खरीदारी के साथ अतिरिक्त लाभ का अवसर भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना को लेकर ग्राहकों में उत्साह बना हुआ है और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। ऑफर और आभूषणों की नई रेंज से जुड़ी जानकारी के लिए ग्राहक न्यूलाइट ज्वेलर्स से संपर्क कर सकते हैं।

शुभारम्भ

भारतीय ज्ञान परंपरा, शास्त्र अध्ययन और शोध को नई दिशा देने पर विद्वानों का मंथन

पतंजलि विवि में अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन शुरू

सीमा सन्देश # हरिद्वार



पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन का शुभारंभ उत्तराखंड के राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव महाराज और कुलपति आचार्य बालकृष्ण महाराज का सान्निध्य रहा। देश-विदेश के विद्वान भारतीय ज्ञान परंपरा, दर्शन, संस्कृत और शास्त्रों के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा में विवेक और कल्याण की भावना: राज्यपाल डॉ. बिसेन ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि मनुष्य में विवेक, सामाजिक सद्भाव और संपूर्ण सृष्टि के प्रति कल्याणकारी दृष्टि विकसित करना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन प्राचीन ज्ञान संपदा के संरक्षण और आधुनिक जीवन में उसकी उपयोगिता समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने महर्षि पाणिनी की व्याकरण परंपरा, महर्षि पतंजलि के योग दर्शन और आयुर्वेद सहित भारतीय चिंतन की समृद्ध परंपरा का उल्लेख किया। इस अवसर पर 'भारतीय दर्शनों का इतिहास एवं मीमांसा', 'वेदामृत' और 'भारतीय दर्शन बोध' पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

सनातन ज्ञान के प्रामाणिक अध्ययन पर जोर: स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को उसके मूल स्वरूप में समझना और प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों की सही व्याख्या, शोध और अध्ययन के माध्यम से भारतीय संस्कृति की वास्तविक भावना को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा में समरसता और एकत्व का भाव रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा व्यक्ति को जाति या वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि मानवता और कर्म के आधार पर देखने की प्रेरणा देती है।

शास्त्र, संस्कृति और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर चर्चा : आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान और संस्कृति के पुनर्स्थापन का प्रयास है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के प्रामाणिक अध्ययन के साथ आधुनिक विज्ञान और अनुसंधान को जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पतंजलि विश्वविद्यालय योग, आयुर्वेद, वनस्पति और भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में शोध कार्यों को आगे बढ़ा रहा है।

शोध पत्र और विशेष सत्रों का आयोजन: 29 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले सम्मेलन में पूर्ण सत्रों के साथ विशेष पैनल चर्चा, शोध पत्र प्रस्तुतियां और पोस्टर प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। संस्कृत, वेद, दर्शन, इतिहास, साहित्य और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न विषयों पर विद्वान अपने विचार रख रहे हैं। सम्मेलन में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, अखिल भारतीय प्राच्य विद्या परिषद की महासचिव प्रो. कविता होले सहित देश के अनेक शिक्षाविद, कुलपति और शोधार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान विरासत को आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान से जोड़ना है।

एलाइट वर्ल्ड इमिग्रेशन स्टूडेंटस को दे रहा मार्गदर्शन

कनाडा, यूके, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया व अन्य देशों में स्टडी के साथ कॅरिअर भी

ELITE WORLD IMMIGRATION
CHASING DREAMS BEYOND BORDERS

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए एलाइट वर्ल्ड इमिग्रेशन की ओर से विभिन्न देशों में स्टडी अब्रॉड के अवसरों की जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। संस्थान के माध्यम से विद्यार्थी कनाडा, यूनाइटेड किंगडम (यूके), न्यूजीलैंड, सिंगापुर, साइप्रस, माल्टा, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में पढ़ाई के विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एलाइट वर्ल्ड इमिग्रेशन संस्थान (10 एच ब्लॉक, श्रीगंगानगर) के अनुसार, यहां 'पेमेंट आफ्टर वीजा' और 'जीरो रिस्क' है। संस्थान के अमनप्रीतसिंह ढिल्लों (पार्षद), हरसिमरनसिंह बराड़ और रविन्द्रसिंह सिद्धू ने बताया कि विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए संस्थान के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

प्रतिस्पर्धा के दौर में मिलेगा बेहतर विकल्प: प्रतिस्पर्धा वाले दौर में अनेक विद्यार्थी विदेश में शिक्षा प्राप्त कर अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं। ऐसे में विदेश में पढ़ाई के लिए सही देश, उपयुक्त कोर्स, संस्थान में प्रवेश तथा वीजा प्रक्रिया की जानकारी महत्वपूर्ण होती है।

इंटरनेशनल इंडस्ट्री इंस्टीट्यूशन मीट सिनर्जी समिट का आयोजन

सीमा सन्देश # जयपुर

यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) में 'इंटरनेशनल इंडस्ट्री इंस्टीट्यूशन मीट (आईआईएम) सिनर्जी समिट 2026' के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। यूईएम और यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल एक्सीलेंस सेंटर के सहयोग से आयोजित इस समिट में सरकार, उद्योग, शिक्षा, बैंकिंग, रक्षा, कानून, तकनीक और गुणवत्ता प्रबंधन क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

तीन प्रमुख विषयों पर होगी चर्चा: समिट में तीन पैनल चर्चाएं आयोजित होंगी, जिनमें वित्तीय प्रणाली में बदलाव, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मानवीय मूल्यों की भूमिका तथा गुणवत्ता एवं ऑपरेशनल एक्सीलेंस के भविष्य जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में यूईएम ग्रुप की चांसलर प्रो. बनानी चक्रवर्ती, डायरेक्टर प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती और यूईएम जयपुर के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. विश्वजॉय चटर्जी मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय के संयुक्त सचिव एवं निदेशक एसआर मीणा संबोधित करेंगे। पहली पैनल चर्चा 'कैशलेस, कार्डलेस, बैंकलेस : क्या हम नए वित्तीय युग में प्रवेश कर रहे हैं?' विषय पर होगी, जिसमें डिजिटल वित्त और बदलते बैंकिंग परिदृश्य पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में निकाली साइकल रैली



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के उपलक्ष्य में आज प्रातः रिद्धि-रिद्धि एन्क्लेव प्रथम में साईकिल-रैली निकाली गई। इसमें मण्डल प्रमुख सतीश रल्हन, उप मण्डल प्रमुख सुभाष चन्द्र, मुख्य प्रबंधक औम प्रकाश कृष्णीया, राजेश सिन्हा, देवेन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में बैंक कार्मिकों ने उत्साह से भाग लिया। सुश्री हरमनदीप कौर, प्रबंधक (विधि) ने हरी झण्डी दिखा कर रैली को रवाना किया। तत्पश्चात, बैंक के मण्डल कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। स्टॉफ सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मण्डल प्रमुख सतीश रल्हन ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी कार्मिकों को साधुवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बैंक द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा सभी स्टॉफ उसमें उत्साह से भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में 37 कार्मिकों ने रक्तदान किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी कार्मिकों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र वितरित किए।

मलोट इंस्टीट्यूट में मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस



सीमा सन्देश # मलोट

पंजाब सरकार की संस्था मलोट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (मिमिट) के एप्लाइड साइंस डिपार्टमेंट की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, सकारात्मक सोच और बेहतर जीवन शैली के प्रति जागरूक करना रहा। एप्लाइड साइंस डिपार्टमेंट के हेड डॉ. जसकरण सिंह भुल्लर, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर वंदना और ममता गोयल ने बताया कि इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग एनजीओ के सदस्य बरिंदर सिंह अपने साथियों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने और तनाव से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। बरिंदर सिंह ने सुदर्शन क्रिया सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक शांति और आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संस्थान परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम से ईसी नॉन-मेडिकल और बीटेक एआई एंड एमएल प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को लाभ मिला। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मोहित कुमार, सुनील कुमार सहित एप्लाइड साइंस डिपार्टमेंट के सभी सदस्य मौजूद रहे। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अश्वनी बंसल ने कार्यक्रम की सराहना की।

मौसम

अधिकतम 32.8° | न्यूनतम 17.3°

आर्द्रता

सुबह 71% | शाम 45%

विंड स्पीड

2-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:49PM

कल का सूर्योदय

06:47AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,43,200

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,32,430

चांदी (प्रति किलो) ₹1,93,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

अंजू शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पुरानी आबादी निवासी अंजू शर्मा को टांटिया यूनिवर्सिटी ने मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की



उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. पूर्णिमा शर्मा के निर्देशन में 'कामकाजी महिलाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा, प्रतिबल स्तर और व्यक्तित्व कारकों का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर पूरा किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने ससुर रेलवे से सेवानिवृत्त दिवंगत गजानंद शर्मा के आशीर्वाद, परिवार एवं पति डॉ. दीपक शर्मा (आयुर्वेद संकाय टांटिया यूनिवर्सिटी) के सहयोग को दिया है।

3 से 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विद्युत लाईनों के रखरखाव के लिए शुक्रवार को 33/11 केवी मौसम विभाग जीएसएस एवं महालक्ष्मी जीएसएस के अन्तर्गत विद्युत तंत्र की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाएगा। इसलिए इन जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी फीडर की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सिटी प्रथम राकेश मीणा ने बताया कि 33/11 केवी महालक्ष्मी जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी जेबी विहार फीडर की आपूर्ति सुबह 8 से 11 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान रिद्धि सिद्धि आशियाना रिद्धि सिद्धि पंचम, रिद्धि सिद्धि विहार, साउथ सिटी कालोनी, एआरजी रिसोर्ट और आस-पास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इधर 33/11 केवी मौसम विभाग जीएसएस से निकलने वाले शंकर कालोनी फीडर की आपूर्ति सुबह 7 से 12 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान 100 फुट रोड, अग्रसेन इण्डस्ट्रीयल एरिया एवं आस-पास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

करवा चौथ:डांडिया और रोचक गेम्स



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा व एकता मंच महिला शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में करवा चौथ उत्सव पर सात फेरे, सात वचन कार्यक्रम रखा गया। अध्यक्ष मंजू गर्ग ने बताया कि इसमें पंक्चुअलिटी क्वीन, लकी क्वीन, फनी प्रश्नोत्तरी और डांडिया रास का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में संगीता झूंथरा करवा क्वीन, मोनिका बंसल रनर-अप और सुमन मोदी मेहंदी क्वीन चुनी गईं। कार्यक्रम प्रभारी मोनिका बंसल, गीता अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, राधा भांबूरी व गीता कपूर रहीं। अंत में सभी प्रतिभागियों को रिटर्न गिफ्ट और विजेताओं को उपहार दिए गए।

श्रीगंगानगर में पारम्परिक उल्लास और अटूट श्रद्धा के साथ सुहागिन महिलाओं ने मनाया अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ

सोलह शृंगार, सामूहिक कथा श्रवण, कैंडललाइट डिनर और चंद्रदर्शन के बाद पतियों के हाथों से जल ग्रहण कर महिलाओं ने तोड़ा उपवास









सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर बुधवार को शहर में अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु का पर्व करवा चौथ पूरी श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखकर अपने जीवनसाथी की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। आधुनिकता के दौर में भी सांस्कृतिक परंपराओं और लोक संस्कृति का यह अनूठा संगम शहर के कोने-कोने में देखने को मिला। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी करवा चौथ का पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।



शंकर कॉलोनी में अभिलाषा गौड़, नेहा गौड़, शिल्पी, कुसुम, रितु, मोनिका कथा का श्रवण करती हुई।

लोक संस्कृति का जीवंत उत्सव

करवा चौथ का व्रत केवल एक उपवास नहीं, बल्कि हमारी लोक संस्कृति का एक जीवंत उत्सव है। यहाँ मिट्टी के करवे पर विशेष रूप से स्वास्तिक बनाकर उस पर रोली और चावल से टीके लगाने की परंपरा है। कई ग्रामीण और शहरी परिवारों में इस दिन विशेष रूप से सीधा निकालकर ब्राह्मण या योग्य कन्या को दान देने का विधान है, जिसे बेहद पुण्यदायी माना जाता है।

सोलह शृंगार और पारंपरिक अनुष्ठान

प्रातःकालीन दिनचर्या पूरी करने के बाद महिलाओं ने सोलह शृंगार किए और नए परिधानों से सज-धजकर घरों में सामूहिक रूप से एकत्रित होकर बुजुर्ग एवं वरिष्ठ महिलाओं से पारंपरिक कथा सुनी। महिलाओं ने विधि-विधान से चौथ माता व गणेश भगवान की कथा का श्रवण किया और सिंदूर, रोली, चावल व करवा अर्पित कर आशीर्वाद लिया। रीति-रिवाजों के अनुसार कथा के बाद करवे में रखे जल से सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया और जल को पुनः भरकर सुरक्षित रखा गया। रात्रि में चंद्रोदय होने पर महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा और अपने पति का चेहरा देखकर दीर्घायु की कामना की। कई महिलाओं ने दोपहर बाद कथा सुनी।

इसके पश्चात पतियों द्वारा अपनी अर्द्धांगिनी को जल पिलाकर उनका उपवास पूर्ण करवाया गया। बहुओं ने अपनी सास, जेठानी और परिवार की वरिष्ठ महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तथा उन्हें पारंपरिक वस्त्र, सुहाग सामग्री और दक्षिणा (रुपए आदि) भेंट किए।

आधुनिकता का तड़का : डाइनिंग से लेकर फोटो स्टूडियो तक रौनक

पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ इस बार करवा चौथ पर शहर के बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। शहर के प्रमुख होटलों और भोजनालयों में दंपतियों के लिए विशेष मोमबत्ती की रोशनी में रात्रि भोज और पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों की व्यवस्था की गई। यहां परिवारों और दंपतियों ने पहुंचकर उत्सव का आनंद लिया। युवाओं और नवविवाहित जोड़ों में करवा चौथ की यादों को कैमरे में संजोने का खास उत्साह दिखाई दिया। शहर के फोटो स्टूडियो और विशेष रूप से सजाए गए चित्र खिंचवाने के स्थलों पर दंपतियों की भीड़ रही। आकर्षक परिधानों में सजे जोड़ों ने एक-दूसरे के साथ खूबसूरत तस्वीरें खिंचवाकर इस खास दिन को यादगार बनाया। पर्व की पारंपरिक आस्था के साथ आधुनिक उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

शुद्धता के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए जांच रिपोर्ट से पहले साख को ठेस पहुंचाने पर जताया ऐतराज

संयुक्त व्यापार मण्डल ने किया विरोध, कलेक्टरेट पर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा बृहस्पतिवार को खाद्य सुरक्षा अधिनियम की आड़ में संबंधित अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को मानसिक एवं सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने तथा उनकी व्यापारिक साख को ठेस पहुंचाने के विरोध में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पंचायती धर्मशाला में सभा का आयोजन किया गया। संयुक्त व्यापार मण्डल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शहर के खाद्य व्यापार, किराना, जनरल मर्चेंट, मोबाइल, चाय, दुर्गा मंदिर दुकानदार, होलसेल मार्केट, गुड़-शुगर, ब्रोकरेज, रेडीमेड, ई-व्हीकल, दुग्ध, ऑटोमोबाइल संघों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में अधिकारियों द्वारा व्यापारियों एवं विधायक जयदीप बिहाणी के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता ने कहा कि खाद्य व्यवसाय से जुड़ा प्रत्येक व्यापारी नियमों का पूर्ण पालन करने तथा आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है, परंतु जांच एवं सैंपल लेने की आड़ में स्वास्थ्य विभाग तथा फूड सेफ्टी अधिकारियों द्वारा अनावश्यक भय व प्रताड़ना का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर बड़ी संख्या में पुलिस एवं विभागीय वाहनों के साथ दबिश देकर ऐसा वातावरण बना दिया जाता है, जैसे व्यापारी ने कोई गंभीर अपराध किया हो। जबकि व्यापारी समाज का प्रतिष्ठित व्यक्ति है तथा नियम-कानूनों की पालना करते हुए व्यवसाय संचालित कर रहा है। व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि फूड सेफ्टी अधिकारियों को नियमानुसार केवल बिक्री हेतु रखी वस्तुओं के नमूने लेने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए तथा रिपोर्ट आने से पूर्व ही किसी व्यापारी को दोषी ठहरा देना पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। तत्पश्चात संयुक्त व्यापार मण्डल सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन व जमकर नारेबाजी की तथा जिला प्रशासन से मांग की कि अनुचित कार्यप्रणाली से व्यापारियों को भयभीत करने वाले अधिकारियों को अविलम्ब निलम्बित कर व्यापारी वर्ग के सम्मान व अधिकारों की रक्षा की जाए।

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर तरसेम गुप्ता, श्रीकृष्ण मिल, निश्चय जनवेजा, नरेंद्र चौधरी, रमेश अग्रवाल, अशोक भूतना, संजय राजपाल ह्यरिंकूह्ल, अमर सिंह आहूजा, अमित चुघ ह्यरोमीह्ल, अशोक तिन्ना, श्याम बलाना, प्रवीण कटारिया, ललित शर्मा, सुरेश गर्ग, महेश सारस्वत, रवि अरोड़ा, अनिल अरोड़ा, रवि रतन सेतिया, रमेश पोपली, महावीर गुप्ता, वेदप्रकाश रहेजा, भागीरथ चौधरी, बलवंत जैन, कुंदन शर्मा, सुनील शर्मा, सुनील यादव हलवाई, राज सनेजा हलवाई, कैलाश रोझ, बिल्लू, जयनारायण सारस्वत, भीष्म सारस्वत सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य व्यापारी उपस्थित थे।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को लेकर कांग्रेस ने तेज की तैयारियां



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। दिल्ली में 1 नवंबर को प्रस्तावित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को सफल बनाने के लिए शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को 7 एच ब्लॉक स्थित कांग्रेस नेता अंकुर मंगलानी के कार्यालय में दोनों ब्लॉक कमेटियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठित कर अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने और महारैली में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में धर्मपाल झोरड़ ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट के अधिकार को सुरक्षित रखना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस मुद्दे पर जनता के बीच जाकर जागरूकता फैलाने और महारैली में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। श्याम पुनियानी ने कहा कि बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी के हाथ मजबूत किए जाएंगे। अंकुर मंगलानी और सुरेंद्र टोकसिया ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। बैठक का संचालन साहिल बंगाली ने किया।

बैठक में मनोज कुमार भिड़ासरा, शंकर असवाल, जाफर शरीफ, अनिल शर्मा, हरीश अरोड़ा काकू, देवीलाल बुडिया, दीपक कुमार, रविंद्र सिंह सिगलीगर, नरेश भुकर, धर्मवीर, दौलत सिंह, सुधीर कुमार, पंकज कुमार, पंकज गौड़, प्रेम खंडेलवाल, अशोक डागला, सुरजीत सिंह फागोड़िया, किशन लाल मौर्य, चिमन खन्ना, सुखराम जोइया, अवतार सिंह गिल, प्रमोद कुमार, मेजर सिंह, भारत भूषण, ओम कारगवाल, नरेश सेतिया, फहीम हसन, लतीफ हुसैन, देवेंद्र सिंह माणा, शुभम अरोड़ा, रतन शर्मा, राम रतन घोडेला, रोहताश वर्मा, सुशील चावला और आकाश इंदौरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिना पूर्व सूचना के अचानक ट्रेन रद्द होने से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और मेरठ जाने वाले यात्री हुए परेशान

इस महीने कई बार रद्द हो चुकी है यह गाड़ी, यात्रियों में रोष

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उत्तर पश्चिम रेलवे के अंतर्गत लिंक रैक में देरी के चलते रेलवे प्रशासन ने दो महत्वपूर्ण रेल सेवाओं को आंशिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया है। बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक ट्रेन रद्द किए जाने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 14030 मेरठ कैंट - श्रीगंगानगर रेल सेवा गुरुवार को अपने निर्धारित समय पर मेरठ कैंट से तो रवाना हुई, लेकिन श्रीगंगानगर तक आने के बजाय इसे हिसार तक ही संचालित किया गया । इसके प्रभाव से30 अक्टूबर को श्रीगंगानगर से दिल्ली के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या 14029 श्रीगंगानगर - दिल्ली रद्द रही। रेलवे द्वारा इस ट्रेन के रद्द होने या आंशिक रद्द किए जाने की सूचना समय पर सार्वजनिक नहीं की गई थी। गुरुवार रात को जिन यात्रियों को



श्रीगंगानगर से इस गाड़ी के जरिए पंजाब, हरियाणा होते हुए दिल्ली और मेरठ का सफर करना था, वे जब देर रात रेलवे स्टेशन पहुंचे, तब उन्हें ट्रेन रद्द होने की जानकारी मिली। अचानक मिले इस झटके के कारण कई यात्रियों को मजबूरन पूरी रात रेलवे स्टेशन पर ही गुजारनी पड़ी। सुबह होते ही यात्रियों ने पहली बस पकड़कर अपने गंतव्य की ओर रुख किया, तो कई लोगों को अपनी महत्वपूर्ण यात्रा को ही टालना पड़ गया। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन के अचानक रद्द होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इस महीने में पहले भी कई बार रेलवे द्वारा इस गाड़ी को अचानक रद्द या आंशिक रद्द किया जा चुका है। एक बार तो यह ट्रेन लगातार तीन दिनों तक रद्द रही थी, जिससे नियमित सफर करने वाले यात्रियों और व्यापारियों को भारी मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि इस रूट पर ट्रेन संचालन को सुचारू बनाया जाए और किसी भी बदलाव की सूचना समय पर जारी की जाए।

2028 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों हेतु वोकेशनल एजुकेशन होगा अनिवार्य

सीबीएसई दसवीं बोर्ड में पांच विषय अनिवार्य, अतिरिक्त कौशल विषय चुनने का भी मिलेगा विकल्प

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने गुरुवार को 2028 की 10वीं बोर्ड परीक्षा का पैटर्न बताया। इसमें छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा में 5 सब्जेक्ट अनिवार्य होंगे। इसके अलावा वे एक अतिरिक्त स्किल सब्जेक्ट चुन सकेंगे। इस सब्जेक्ट से मैथ, साइंस या सोशल साइंस में फेल होने पर भी छात्रों को परीक्षा पास करने में मदद मिल सकती है। बोर्ड ने यह भी बताया कि इंटरडिसिप्लिनरी एरिया और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मॉड्यूल स्टडी स्कीम में शामिल नहीं होंगे। यह बदलाव उन छात्रों पर लागू होगा, जो 2026-27 में 9वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं और 2028 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा देंगे। इससे मौजूदा 10वीं कक्षा के छात्रों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सीबीएसई की डायरेक्टर (एकेडमिक्स) प्रज्ञा एम. सिंह ने बताया कि 2028 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए वोकेशनल एजुकेशन अनिवार्य होगा। इसके लिए छात्र कौशल विकास सब्जेक्ट या बोर्ड के 22 स्किल सब्जेक्ट्स में से कोई एक चुन सकेंगे। इसके लिए छात्रों के पास दो ऑप्शन होंगे। वे स्कूल में आंतरिक मूल्यांकन दे सकते हैं या बोर्ड परीक्षा देकर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्किल सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं।

कक्षा में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी अनिवार्य

सीबीएसई ने अपने सभी स्कूलों में कक्षा 9वीं और 10वीं में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी अनिवार्य कर दी है। इसके तहत 9वीं और 10वीं के बच्चों को तीन भाषाओं की पढ़ाई करनी होगी। इनमें से 2 भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। इस फैसले से 9वीं और 10वीं को मिलाकर लगभग 50 लाख बच्चे प्रभावित होंगे। साथ ही इस साल 10 वीं के बच्चों को तीसरी भाषा का पेपर नहीं देना होगा। सीबीएसई ने साफ किया है कि इस साल 10वीं बोर्ड परीक्षा में थर्ड लैंग्वेज का पेपर नहीं होगा। हालांकि, छात्रों के लिए इसकी पढ़ाई करना जरूरी रहेगा। जब तक थर्ड लैंग्वेज की नई किताबें उपलब्ध नहीं होतीं, तब तक 9वीं के छात्र 6वीं कक्षा की थर्ड लैंग्वेज की किताबों से पढ़ाई करेंगे। स्कूलों को यह भी कहा गया है कि वे पढ़ाई के लिए स्थानीय और राज्य स्तर का साहित्य उपलब्ध कराएं। इसमें कविताएं, छोटी कहानियां और अन्य साहित्यिक सामग्री शामिल होगी। बोर्ड ने इससे पहले 9 अप्रैल को एक सकुर्लर जारी कर 6वीं क्लास के लिए थ्री लैंग्वेज पॉलिसी अनिवार्य की थी। साथ ही इस फैसले को 7 दिन के अंदर लागू करने का भी निर्देश दिया था।

दरिया बनकर किसी को डूबाना बहुत आसान है, बात तो तब बनेगी जब आप जरिया बनकर किसी को बचाएं।

संपादकीय

मरीज की जिंदगी मुनाफे से ऊपर

सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं और मेडिकल उपकरणों की मनमानी कीमतों पर सुनवाई के दौरान जो सवाल उठाए हैं, वे केवल न्यायालय की टिप्पणियां नहीं, बल्कि देश के करोड़ों मरीजों की पीड़ा की अभिव्यक्ति हैं। अदालत का यह कहना कि मरीजों की जिंदगी से जुड़े मामलों को केवल कारोबार के नजरिए से नहीं देखा जा सकता, स्वास्थ्य व्यवस्था के उस कटु यथार्थ को सामने लाता है, जहां उपचार कई बार सेवा नहीं, बल्कि लाभ कमाने का माध्यम बन जाता है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने उदाहरण दिया कि 11 हजार रुपये का कैंसर इंजेक्शन अस्पताल में 1.30 लाख रुपये तक बेचा जाता है। इसी तरह 15 रुपये की मेडिकल ट्यूब मरीज को 250 रुपये में उपलब्ध कराई जाती है। यदि इन दावों में सच्चाई है तो यह केवल मूल्य वृद्धि नहीं, बल्कि मरीज की मजबूरी का आर्थिक शोषण है। ऐसे में अदालत का यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आखिर पूरी व्यवस्था दवा निमार्ताओं और अस्पतालों के पक्ष में क्यों दिखाई देती है तथा सरकार की निगरानी के बावजूद इतनी बड़ी मूल्य असमानता कैसे बनी रहती है।

देश में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण व्यवस्था होने के बावजूद बड़ी संख्या में गैर-अनुसूचित दवाएं इसके दायरे से बाहर हैं। यही कारण है कि अनेक दवाओं के दाम कंपनियां और अस्पताल अपनी सुविधा के अनुसार तय कर लेते हैं। केंद्र सरकार ने हाल में कैंसर की कुछ दवाओं पर व्यापारिक मार्जिन सीमित करने का निर्णय लिया है, लेकिन यदि अधिकांश दवाएं अब भी प्रभावी मूल्य नियंत्रण से बाहर हैं तो मरीजों को वास्तविक राहत कैसे मिलेगी? केवल कुछ दवाओं के दाम घटाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि पूरी मूल्य निर्धारण प्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगा।

चिंता का दूसरा पहलू डॉक्टरों द्वारा ब्रांडेड दवाओं के बजाय जेनेरिक दवाएं न लिखना है। अनेक स्थानों पर निजी अस्पताल और नर्सिंग होम अपनी पसंद के ब्रांड तैयार कराकर केवल वही दवाएं मरीजों को उपलब्ध कराते हैं। मरीज को दवा के साल्ट की जानकारी नहीं होती और वह उसी ब्रांड को खरीदने के लिए विवश हो जाता है। कई बार वह दवा बाजार में कहीं और मिलती ही नहीं। इससे प्रतिस्पर्धा समाप्त होती है और मरीज के पास महंगी दवा खरीदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। यदि जेनेरिक दवाएं अनिवार्य रूप से लिखी जाएं और मरीज को समान गुणवत्ता वाली सस्ती दवा चुनने का अधिकार मिले, तो उपचार का खर्च काफी कम हो सकता है।

निजी अस्पतालों का यह तर्क अपनी जगह है कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों और चौबीस घंटे सेवाएं उपलब्ध कराने में भारी खर्च आता है। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि जीवनरक्षक दवाओं और आवश्यक मेडिकल उपकरणों पर अत्यधिक मुनाफा किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। स्वास्थ्य सेवा का उद्देश्य मरीज को राहत देना है, न कि उसकी विवशता को कमाई का साधन बनाना। अब आवश्यकता केवल न्यायालय की कठोर टिप्पणियों तक सीमित रहने की नहीं है। सरकार को दवाओं और मेडिकल उपकरणों की कीमतों में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी, जेनेरिक दवाएं लिखना प्रभावी रूप से लागू करना होगा तथा अस्पतालों के मुनाफे और दवा बिक्री की नियमित निगरानी करनी होगी। जब बात किसी व्यक्ति के जीवन और उपचार की हो, तब बाजार के नियमों से अधिक महत्व मानवीय संवेदना और सार्वजनिक हित को मिलना चाहिए। यही किसी भी संवेदनशील और उत्तरदायी स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी पहचान है।

भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार सृजन

9 प्रतिशत विकास दर ही बनेगी युवाओं के रोजगार की असली गारंटी, बेहतर तालमेल की जरूरत

वैश्विक वित्तीय संकट की सटीक भविष्यवाणी करने के कारण 'डॉ. डूम' के नाम से प्रसिद्ध अर्थशास्त्री नौरिएल रूबिनी इस बार भारत के भविष्य को लेकर आशावादी हैं।

उनका मानना है कि आने वाले दशक भारत के हो सकते हैं, लेकिन इसके लिए केवल तेज आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं होगा। देश को ऐसी विकास दर चाहिए जो करोड़ों युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा कर सके। रूबिनी के अनुसार भारत को 9 प्रतिशत के आसपास विकास दर हासिल करनी होगी, क्योंकि 7 प्रतिशत की वृद्धि रोजगार की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

एआई के दौर में रोजगार का नया समीकरण : रूबिनी का मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)



नौरिएल रूबिनी

शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के कार्यों की प्रकृति बदल रही है। ऐसे में केवल बड़ी युवा आबादी अपने आप आर्थिक लाभ नहीं बन जाएगी। यदि युवाओं को नए कौशल, तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर नहीं मिले तो जनसांख्यिकीय लाभांश चुनौती में बदल सकता है। इसलिए शिक्षा, कौशल विकास और उद्योगों की आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

विनिर्माण क्षेत्र से खुलेगा रोजगार का रास्ता : भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, प्रतिभाशाली मानव संसाधन और मजबूत आर्थिक आधार जैसी महत्वपूर्ण ताकतें हैं। इन्हीं के सहारे इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, सेमीकंडक्टर और अन्य निर्यातोन्मुख उद्योगों का विस्तार किया जा सकता है। यही क्षेत्र उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला में लाखों नए रोजगार सृजित करने की क्षमता रखते हैं। वैश्विक कंपनियों की 'नियरशोरिंग' और 'फ्रेंडशोरिंग' रणनीति भी भारत के लिए बड़ा अवसर लेकर आई है, क्योंकि अनेक कंपनियां चीन पर निर्भरता कम कर वैकल्पिक उत्पादन केंद्र तलाश रही हैं।



भारत-अमेरिका साझेदारी से मिल सकती है नई गति : रूबिनी का मानना है कि भारत और अमेरिका के आर्थिक हित एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता और कम टैरिफ भारतीय निर्यात, विदेशी निवेश तथा विनिर्माण क्षेत्र को नई गति दे सकते हैं। इससे उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। भारत पहले ही दुनिया के लिए भरोसेमंद उत्पादन केंद्र के रूप में उभर रहा है।

भारत के सामने अवसर अभूतपूर्व हैं, लेकिन उनका लाभ तभी मिलेगा जब आर्थिक वृद्धि का केंद्र रोजगार सृजन बने। तेज विकास, उद्योगों में निवेश, कौशल विकास और पारदर्शी नीतियां मिलकर ही उस लक्ष्य को हासिल कर सकती हैं, जहां देश की युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन सके।

रिजेक्शन से मिली जिद : 50 हजार से शुरू किया सफर, आज 12 राज्यों में फैला कारोबार

नीरज तिवारी को अपने शुरूआती दिनों में कई बार नौकरी के लिए रिजेक्शन झेलना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय अपनी अलग राह बनाई। उन्होंने एचसीसीआईएल कंपनी की स्थापना की, जो प्रौद्योगिकी और प्रबंधन सेवाओं के क्षेत्र में काम करती है। इस कंपनी का टर्नओवर करोड़ों में है...

जीवन में हर व्यक्ति कभी न कभी ऐसे मोड़ पर खड़ा होता है, जब चुनौतियां और असफलताएं उसे आगे बढ़ने से रोकने लगती हैं। नीरज तिवारी भी ऐसे ही समय में थे, जब लगातार नौकरी में रिजेक्शन उनके सामने बाधाओं की तरह उभर रहे थे। हर असफल प्रयास उनके अंदर की उम्मीद को धीरे-धीरे कम करता जा रहा था। फिर भी, उन्होंने हार नहीं मानी। एचएचसीआईएल ने सुरक्षा गार्ड और सुविधा प्रबंधन सेवाओं के क्षेत्र में भरोसे का नाम कमाया। समय के साथ कंपनी का विस्तार हुआ और चार हजार से अधिक कर्मचारी इस सपने का हिस्सा बने। आज, नीरज तिवारी की दूरदर्शिता के चलते एचएचसीआईएल ने लगभग एक हजार करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व हासिल कर लिया है।



एक छोटे से कदम से शुरूआत : साल 2012 में नीरज ने महज 50 हजार रुपये की बेहद सीमित पूंजी और सिर्फ 10 कर्मचारियों के साथ हाईटेक ह्यूमन कैपिटल (इंडिया) लिमिटेड की नींव रखी। सुरक्षा और सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में पहले से ही कई बड़े नाम मौजूद थे, इसलिए बाजार में नए ग्राहकों का भरोसा जीतना एक बहुत बड़ी चुनौती थी।

क्वालिटी के दम पर बनाई पहचान : नीरज ने शुरूआत से ही कम लागत में बेहतरीन क्वालिटी और शानदार सेवाएं देने पर ध्यान केंद्रित किया। उनकी इस रणनीति और कड़ी मेहनत ने जल्द ही रंग दिखाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे कंपनी का दायरा बढ़ता गया। आज एचएचसीआईएल सिक्योरिटी सॉल्यूशन, कैश सॉल्यूशन, फैसिलिटी मैनेजमेंट, कॉरपोरेट रिस्क मैनेजमेंट और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन जैसी कई प्रमुख सेवाएं दे रही है।

सफलता के शिखर पर और आईपीओ की तैयारी : शुरूआत के मात्र 6 साल के भीतर ही एचएचसीआईएल को गुजरात की सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा एजेंसी का दर्जा मिल गया। साल 2017 में नीरज को यंग अचीवर्स ऑफ द ईयर से भी नवाजा गया। आज यह कंपनी 12 राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही है, जिसमें 4,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और इसका वार्षिक राजस्व लगभग 1,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कंपनी अब और बड़े विस्तार के लिए वित्त वर्ष 2027-28 तक शेयर बाजार में लिस्टेड होने की तैयारी कर रही है।

युवाओं के लिए सीख : नीरज तिवारी का यह सफर सिखाता है कि पहचान संसाधनों से नहीं, बल्कि आपके इरादों, विश्वास और काम की गुणवत्ता से बनती है। अगर विजन साफ हो और साहस साथ हो, तो सीमित पूंजी भी आपके कदम नहीं रोक सकती।

पुस्तक सारांश-आउटलायर्स : सफलता की असली कहानी

मैल्कम ग्लैडवेल अपनी पुस्तक 'आउटलायर्स' में यह साबित करते हैं कि दुनिया में 'स्व-निर्मित सफलता' जैसी कोई चीज नहीं होती। किसी भी व्यक्ति की असाधारण कामयाबी के पीछे केवल उसकी मेहनत नहीं, बल्कि समय, संस्कृति और छिपे हुए अवसरों का बड़ा हाथ होता है।

■ छिपे हुए अवसर और जन्म का समय

सफलता अक्सर किसी मामूली शुरूआती लाभ से तय होती है। जैसे कनाडा के हॉकी खिलाड़ियों में वही सबसे आगे निकलते हैं जो साल के शुरूआती महीनों (जनवरी-मार्च) में पैदा होते हैं, क्योंकि वे उम्र और शारीरिक रूप से बड़े होने के कारण बेहतर कोचिंग पाते हैं। इसे 'मैथ्यू प्रभाव' कहते हैं, जहाँ व्यवस्था पहले से मजबूत को और मजबूत बनाती है।

■ 10,000 घंटे का नियम

किसी भी क्षेत्र में विश्व स्तरीय महारत हासिल करने के लिए कम से कम 10,000 घंटे के केंद्रित अभ्यास की आवश्यकता होती है। बिल गेट्स और द बीटल्स जैसी हस्तियों को यह मुकाम इसलिए मिला क्योंकि उन्हें सही समय पर इतना अभ्यास करने के असाधारण अवसर और संसाधन मिले।

■ सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक वर्ग

हमारी पृष्ठभूमि और पालन-पोषण की शैली हमें 'व्यावहारिक बुद्धिमत्ता' देती है, जो केवल हाई आईक्यू से कहीं ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा, हमारी सांस्कृतिक विरासत भी प्रदर्शन को प्रभावित करती है; जैसे एशियाई देशों में गीले चावल की खेती की सदियों पुरानी परंपरा ने वहां के लोगों में कड़ी मेहनत और दृढ़ता के संस्कार दिए, जिससे वे गणित में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

निष्कर्ष : यदि हम अकेले व्यक्ति की प्रतिभा को पूजने के बजाय ऐसी प्रणालियाँ और अवसर तैयार करें जो सबको अभ्यास और सही संसाधन दें, तो समाज में और भी अधिक 'आउटलायर्स' पैदा किए जा सकते हैं।

नियति का खेल : एक तस्वीर जिसने बदल दी भारतीय युवक की जिंदगी



कहा जाता है कि जीवन में कब, कहाँ और कैसे किस्मत करवट ले ले, इसका अंदाजा किसी को नहीं होता। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी जर्मनी से सामने आई, जिसमें एक साधारण तस्वीर ने एक भारतीय युवक का जीवन बदल दिया। तस्वीर में एक परेशान, थका हुआ और अनमना भारतीय युवक जर्मनी की मेट्रो में बैठा दिखाई देता है। उसके ठीक बगल में विश्वप्रसिद्ध टीवी सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की अभिनेत्री मैसी विलियम्स बैठी थीं, लेकिन युवक उन्हें पहचान नहीं पाया।

तस्वीर वायरल होने पर हुई तलाश शुरू

यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। इसके बाद जर्मनी की प्रतिष्ठित पत्रिका 'डेर स्पीगल' ने तस्वीर में दिखाई दे रहे भारतीय युवक की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद वह म्यूनिख में मिला। जांच में पता चला कि वह बिना वैध निवास परमिट के जर्मनी में रह रहा था और आर्थिक तंगी के कारण बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन गुजार रहा था।

युवक का जवाब बना किस्मत का मोड़

पत्रकार ने युवक से पूछा कि क्या उसे पता था कि उसके बगल में बैठी युवती मशहूर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की हीरोइन मशहूर अभिनेत्री मैसी विलियम्स थीं, जिनके साथ दुनिया भर के लोग एक सेल्फी लेने की इच्छा रखते हैं। इस पर युवक ने शांत स्वर में जवाब दिया, 'जब आपके पास रहने का परमिट नहीं हो, जेब में एक भी यूरो न हो और हर दिन गैर-कानूनी तरीके से ट्रेन में सफर करना पड़े, तब यह मायने नहीं रखता कि आपके पास कौन बैठा है।'

ईमानदारी ने दिलाई नई पहचान

युवक की सादगी और ईमानदारी से प्रभावित होकर पत्रिका ने उसे 800 यूरो प्रतिमाह वेतन पर पोस्टमैन की नौकरी का प्रस्ताव दिया। रोजगार मिलने के साथ ही उसे वैध निवास परमिट भी प्राप्त हो गया और उसकी जिंदगी नई दिशा में आगे बढ़ गई।

जीवन का संदेश

यह कहानी इस बात का संदेश देती है कि जीवन की हर घटना किसी न किसी अगली घटना से जुड़ी होती है। कठिन परिस्थितियाँ हमेशा स्थायी नहीं होतीं और कभी-कभी एक अप्रत्याशित अवसर पूरी जिंदगी बदल देता है। इसलिए विपरीत परिस्थितियों में भी उम्मीद और धैर्य बनाए रखना ही सबसे बड़ी ताकत है।

दीपेंदर गोयल की 'टेंपल' डिवाइस: लॉन्च व कीमत की पूरी जानकारी

क्या है 'टेंपल' डिवाइस और यह कैसे काम करती है?

जोमैटो के को-फाउंडर दीपेंदर गोयल की यह अनोखी वियरेबल डिवाइस फली (बीन) के आकार की है, जिसे कनपटी पर चिपकाया जाता है। आम फिटनेस बैंड्स के उलट, यह डिवाइस शरीर की मेटाबोलिक स्थिति, एनर्जी लेवल और लैक्टिक एसिड जैसे एडवांस एथलेटिक बायोमार्कर्स को रियल-टाइम में ट्रैक करती है।

लॉन्च टाइमलाइन

दीपेंदर गोयल के मुताबिक, इस डिवाइस को अगले 6 से 12 महीनों के भीतर लॉन्च किया जा सकता है। इसका मतलब है कि यह 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में मार्केट में उतर सकती है। हालांकि, प्रोजेक्ट में पहले ही कुछ देरी हो चुकी है।

लक्षित ग्राहक: यह कोई मास-मार्केट प्रोडक्ट नहीं है। इसे मुख्य रूप से हाई-परफॉर्मेंस एथलीटों के लिए बनाया जा रहा है। गोयल ने साफ किया कि वे इसे हर किसी के लिए नहीं, बल्कि खुद के लिए बना रहे हैं और बिजनेस तो बस इसका एक साइड-इफेक्ट है। बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को भी इसे पहने हुए देखा जा चुका है।

अनुमानित कीमत और मुकाबला

इस प्रीमियम डिवाइस की कीमत लगभग डॉलर 1,000 (करीब 84,000 रुपये से 1 लाख रुपये के बीच) होने की उम्मीद है। अपने खास डिजाइन और मेटाबोलिक ट्रैकिंग फीचर्स की वजह से यह बाजार में मौजूद ऐपल वॉच और सैमसंग गैलेक्सी रिंग जैसे वियरेबल्स को कड़ी टक्कर देगी।

बाल विवाह पर लगाम जरूरी, तभी सुरक्षित होगा बेटियों का भविष्य

राजस्थान लंबे समय से बाल विवाह की समस्या से जूझने वाले राज्यों में रहा है। हालांकि जागरूकता, कानून और सरकारी प्रयासों से स्थिति में सुधार आया है, लेकिन यह सामाजिक बुराई अब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। यूनिसेफ की ताजा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में आज भी करोड़ों बेटियां कम उम्र में विवाह के लिए मजबूर हैं। गरीबी, लैंगिक भेदभाव, सामाजिक परंपराएं और सुरक्षा संबंधी चिंताएं आज भी बाल विवाह की सबसे बड़ी वजह बनी हुई हैं।

हर तीन सेकेंड में एक बाल विवाह : यूनिसेफ के अनुसार दुनिया में करीब 65 करोड़ लड़कियों की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हो चुकी है। हर वर्ष लगभग 1.2 करोड़ लड़कियां बाल विवाह का शिकार बनती हैं, यानी हर तीन सेकेंड में एक लड़की अपना बचपन खो देती है। रिपोर्ट के अनुसार 15 से 19 वर्ष की विवाहित या साथी के साथ रहने वाली हर चार में से एक



लड़की अपने जीवन में कभी न कभी शारीरिक या यौन हिंसा का सामना कर चुकी है।

भारत में सुधार, लेकिन सफर अभी बाकी : राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2023-24) के अनुसार भारत में बाल विवाह की दर में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2005-06 में जहां 47.4 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले हो जाती थी, वहीं अब यह घटकर 20.1 प्रतिशत रह गई है। फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 23.3 प्रतिशत है, जो शहरी क्षेत्रों से अधिक है। सर्वेक्षण के अनुसार पश्चिम बंगाल (36.4 प्रतिशत) में बाल विवाह की दर सबसे अधिक है। इसके बाद बिहार (34.6 प्रतिशत), त्रिपुरा (34%), झारखंड (28.1 प्रतिशत), असम (25.3 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश (25.1 प्रतिशत) का स्थान है।

समाधान शिक्षा और सख्त कानून में : यूनिसेफ का मानना है कि बाल विवाह रोकने के लिए तीन स्तरों पर काम जरूरी है—सख्त कानूनों का प्रभावी पालन, लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसर देना।

महत्वपूर्ण तथ्य

- दुनिया में 65 करोड़ लड़कियों का विवाह 18 वर्ष से पहले हुआ।
- हर वर्ष 1.2 करोड़ बाल विवाह।
- भारत में बाल विवाह दर घटकर 20.1 प्रतिशत।
- नवंबर 2024 से जनवरी 2026 के बीच देश में 2,379 बाल विवाह के मामले सामने आए, जिनमें 2,153 विवाह समय रहते रोक दिए गए।

बाल विवाह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक सोच का भी प्रश्न है। जब तक बेटियों को शिक्षा, समान अवसर और अपने जीवन के निर्णय लेने की स्वतंत्रता नहीं मिलेगी, तब तक इस कुप्रथा का स्थायी अंत संभव नहीं होगा।

2026 के लिए 10 अवश्य पढ़ी जाने वाली स्व-सहायता पुस्तकें

अगर 2025 ने आपको यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि मुझे एक नई शुरूआत की जरूरत है, तो 2026 आपके लिए इच्छा करने के बजाय अपने जीवन को अपनी इच्छानुसार आकार देने का मौका है। मैं हमेशा से ' द आर्ट ऑफ वॉर' का प्रशंसक रहा हूँ, और सच कहूँ तो, सन त्जू की रणनीतियों ने मुझे कई बार आवेगपूर्ण या सरासर मूर्खतापूर्ण निर्णय लेने से बचाया है। लेकिन अब केवल रणनीति ही काफी नहीं है। 2026 वह वर्ष है जब मैं उन सीखों को और आगे ले जाना चाहता हूँ - मानसिकता, आदतों, भावनात्मक लचीलेपन और सफल होने के लिए आवश्यक वास्तविक जीवन के उपकरणों को शामिल करते हुए आधुनिक, अधिक विकसित विचारों को



अपनाना चाहता हूँ।

जीवन के सिर्फ एक पहलू में नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में... मैं एक संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण की बात कर रहा हूँ, ऐसा व्यक्तित्व जो जीवन पर सिर्फ प्रतिक्रिया न दे, बल्कि दृढ़ संकल्प, स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़े। संक्षेप में, मैं 2026 के अंत तक पूरी तरह बदल जाना चाहता हूँ, लेकिन अच्छे अर्थों में।

तो, मैं अपना प्लान आप सभी बुकट्रिब के प्रशंसकों के साथ साझा कर रहा हूँ। ये दस किताबें मेरी पसंदीदा हैं, उन सभी के लिए जो मेरे साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। कुछ किताबें आपकी सोच को चुनौती देंगी, कुछ आपको अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालेंगी और कुछ आपको दुनिया में आगे बढ़ना सिखाएंगी। इन्हें पढ़ें, इनसे सीख लें और देखें कि कैसे 2026 आपका साल बनने लगता है।

केट फ्लैंडर्स द्वारा लिखित 'द ईयर ऑफ लेस' : क्या आपको लगता है कि आपकी चीजें ही आपकी ज़िंदगी पर हावी हैं? फ्लैंडर्स सादगीपूर्ण जीवन शैली का उपदेश नहीं दे रही हैं – बल्कि वह दिखा रही हैं कि सचेत जीवन शैली कैसे सब कुछ बदल सकती है। वह एक ऐसे साल का वर्णन करती हैं जिसमें उन्होंने कुछ भी नया नहीं खरीदा और ऐसी आजादी, स्पष्टता और अंतर्दृष्टि पाई जिसकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी। वित्तीय सबक के अलावा, ' द ईयर ऑफ लेस' आपको भावनात्मक आदतों का सामना करने, उपभोक्तावाद की संस्कृति से खुद को अलग करने और ऐसे विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है जो वास्तव में आपके दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करते हैं। इसे अपनी प्राथमिकताओं, अपने ध्यान और अपने जीवन के लिए एक नए सिरे से शुरूआत समझें।

बिगड़ी यातायात व्यवस्था; बीच सड़क में वाहन खड़े करना आम बात

सीमा सन्देश# खाजूवाला

कस्बे में दिनभर बढ़ती वाहनों की भीड़ और बिगड़ती यातायात व्यवस्था के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के मुख्य बाजार सहित सोसायटी रोड, बैंक रोड, अस्पताल रोड और सब्जी मंडी क्षेत्र में आए दिन जाम जैसी स्थिति बन जाती है। बीच सड़क पर कार, ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल खड़े कर देने से यातायात बाधित होना आम बात हो गई है। बीच सड़क पर पार्किंग, राहगीरों की बढ़ रही परेशानी। कस्बे में यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके अनुरूप यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के प्रयास नाकाफी नजर आते हैं। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग कई बार अपने वाहन सड़क के बीच या किनारे इस तरह खड़े कर देते हैं कि दूसरे



वाहनों के निकलने तक की जगह नहीं बचती। विशेष रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, कारों और मोटरसाइकिलों की बेतरतीब पार्किंग से सड़कें संकरी हो जाती हैं। इससे पैदल चलने वाले लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। व्यस्त समय में स्थिति और गंभीर हो जाती है।

अस्पताल रोड पर जाम से मरीजों को खतरा

अस्पताल रोड पर यातायात बाधित होने की स्थिति विशेष चिंता का विषय है। यदि किसी मरीज को लेकर एंबुलेंस या अन्य वाहन अस्पताल पहुंचने का प्रयास करें, तो जाम के कारण देरी होने की आशंका रहती है। ऐसे संवेदनशील मार्ग पर यातायात सुचारु रखना बेहद जरूरी है।

मंडी और बाजार में राहत कब मिलेगी?

सब्जी मंडी और मुख्य बाजार में दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बेतरतीब पार्किंग और यातायात नियंत्रण की कमी से व्यापारियों, ग्राहकों और आम राहगीरों को परेशानी होती है। स्थानीय स्तर पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सब्जी मंडी से हॉस्पिटल रोड जाम ट्रैफिक के कारण आये दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिन में दर्जनों बार जाम लगने के कारण छोटे वाहन चालक और बड़े वाहन चालक आपस में उलझते हुए देखे जा सकते हैं।

पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग

कस्बे के लोगों की मांग है कि पुलिस-प्रशासन और संबंधित अधिकारी यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाएं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो, ताकि बीच सड़क पर वाहन खड़े करने की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। मुख्य बाजार, सोसायटी रोड, बैंक रोड और अस्पताल रोड पर नियमित यातायात निगरानी की जाए। नो-पार्किंग क्षेत्रों को चिह्नित कर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं। बीच सड़क पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ चालान और आवश्यक कार्रवाई की जाए। सब्जी मंडी तथा व्यस्त बाजार क्षेत्रों में पार्किंग के लिए उचित स्थान निर्धारित किए जाएं। अस्पताल रोड पर आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता खुला रखने की व्यवस्था की जाए। भीड़भाड़ वाले समय में यातायात पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए।

प्रतियोगिताओं में बीएड के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

आईएएससी विश्वविद्यालय में साहित्यिक सप्ताह शुरू



सीमा सन्देश # सरदारशहर

शहर में स्थित आईएएससी डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में सत्र 2026-27 के तहत साहित्यिक प्रतियोगिता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। मुख्य सभागार में आयोजित पहले दिन की कविता, दोहा एवं श्लोक पाठ प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने वीर, वात्सल्य, करुण रस और सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. वी.के. स्वामी, शिक्षा संकाय अधिष्ठाता डॉ. पूराराम मेघवाल, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अल्पना शर्मा और निर्णायक मंडल ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन छात्राध्यापिका नेहा पारीक ने किया। प्रो. स्वामी ने कहा कि भावी शिक्षकों के कौशल विकास में सह-शैक्षणिक गतिविधियां बेहद जरूरी हैं। डॉ. मेघवाल ने साहित्य को समाज का दर्पण और मार्गदर्शक बताया। इस दौरान डॉ. उमा सैनी, डॉ. महेश शर्मा और डॉ. अल्पना शर्मा ने भी काव्य पाठ कर सामाजिक मुद्दों पर विचार रखे। प्रतियोगिता में रोहिताश कुमार प्रथम, नेहा पारीक द्वितीय तथा अनुसूइया और प्रशांत कुमार संयुक्त रूप से तृतीय रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश

सीमा सन्देश# बीकानेर। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक जेठानंद व्यास की अनुशंसा पर महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। विधायक व्यास ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश देने की अनुशंसा की थी। बुधवार को आयोजित विश्वविद्यालय प्रबंध बोर्ड की बैठक में इस अनुशंसा को स्वीकृत कर निःशुल्क प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। निर्णय पर जिले के खिलाड़ियों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने वाला है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी और खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक ने इसके लिए कुलगुरु और विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल का आभार जताया है।

कृषि भवन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत गोष्ठी आयोजित

भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का संकल्प, सत्यनिष्ठा व जवाबदेही पर जोर : हीरेंद्र

सीमा सन्देश# बीकानेर



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कृषि भवन स्थित आत्मा सभागार में गोष्ठी एवं शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार हीरेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर कृषि भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के कृषि अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया तथा ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ राजकीय दायित्वों का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का संकल्प, सत्यनिष्ठा और जवाबदेही पर जोर, पारदर्शी प्रशासन एवं नैतिक कार्यसंस्कृति का संकल्प दिलाया। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने कहा कि ईमानदारी सर्वोपरि, भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजगता जरूरी है। कृषि विभागीय अधिकारी होनस्टी व इंटीग्रिटी के साथ पूर्ण कर्तव्य निष्ठा से कार्य संपादित करें।उपनिदेशक कृषि जयदीप दोगने ने कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों, भ्रष्टाचार की रोकथाम तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की स्थापना के लिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की सक्रिय भागीदारी और नैतिक प्रतिबद्धता आवश्यक है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. धर्मवीर, उपनिदेशक प्रेमाराम, सहायक निदेशक सुरेंद्र कुमार मारू, राजेश गोदारा, सुभाष चंद्र बिश्नोई, मानाराम जाखड़, रमेश भांभू, राधिका शेखावत, अशोक साहू, आनन्द हटीला, महेंद्र प्रताप सिंह, जगवीर बेनीवाल एवं मोहम्मद इस्माइल सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

तीन स्काउट राष्ट्रपति पुरस्कार की राज्य स्तरीय जाँच में उत्तीर्ण



सीमा सन्देश# पदमपुर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, संघ के तीन स्काउट राष्ट्रपति पुरस्कार की राज्य स्तरीय जाँच में उत्तीर्ण हुए हैं। संघ के तत्वावधान में राष्ट्रपति स्काउट पुरस्कार की राज्य स्तरीय जाँच शिविर का आयोजन चौपासन, जोधपुर में किया गया। श्रवण कुमार, नमन , रोहित ने भाग लिया तथा सफलता प्राप्त की। सचिव एवं एलटी भागीरथ तंवर, ट्रेनिंग काउन्सलर इंद्रपाल टाक, यूनिट लीडर डॉ राजपाल जोईया एवं अन्य अधिकारियों एवम्-राज्य स्तरीय जाँच में उत्तीर्ण स्काउटों का मार्गदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। शिविर में भाग लेने वाले स्काउटों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और दक्षता का परिचय दिया। संघ के पदाधिकारियों मे नत्थू राम वर्मा, बनवारी लाल, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवम् मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी, श्रीमती विमला परिहार,एसीबीईओ हरबंस सिंह संध, रूचि रानी, पी.पी.एम. विद्यालय की प्राचार्य डॉ गरिमा बंसल ने चयनित विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

चूरू में गरमाई सियासत : परिवारवाद पर कस्वां का तंज

सीमा सन्देश # चूरू। पंचायतीराज चुनाव के बीच चूरू जिले की सियासत में परिवारवाद का मुद्दा गरमा गया है। बालरासर आथुणा गांव में एक कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के दौरान सांसद राहुल कस्वां ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का नाम लिए बिना कस्वां ने कहा कि पहले कांग्रेस को बाप-बेटे की पार्टी कहा जाता था, लेकिन अब भाजपा बाप, बेटे और बहू की पार्टी बन गई है। सांसद ने कहा कि उनके भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आने का सबसे ज्यादा दुख ह्याकाह्न को है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लड़ने का अधिकार सभी को है और हार-जीत का फैसला जनता के हाथ में होता है। गौरतलब है कि पंचायतीराज चुनाव में राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह राठौड़ और बहू कनिका सिंह के मैदान में उतरने से यह विवाद तूल पकड़ा है। राठौड़ पहले कांग्रेस को परिवारवाद के लिए घेरते रहे हैं।

चूरू: 34 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी

सीमा सन्देश # चूरू। शहर में पंचायती राज चुनाव के दौरान निर्वाचन दायित्वों में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने 34 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। मतदान दल गठन प्रकोष्ठ की प्रभारी अधिकारी एवं सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए पाबंद करने के बावजूद 26 अक्टूबर को आयोजित प्रथम प्रशिक्षण में 34 मतदान अधिकारी बिना पूर्व स्वीकृति अनुपस्थित रहे। इसे राजकीय कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए 30 अक्टूबर तक लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इसी दिन आयोजित आगामी प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की चेतावनी भी दी गई है।

निरंकारी समागम में 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ, नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे

दिल्ली/घड़साना। 79वें निरंकारी संत समागम के समापन के बाद समालखा के पावन मैदानों में सतगुरु



माता सुदीक्षा जी एवं निरंकारी राजपिता रमित की उपस्थिति में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। इसमें 126 नवयुगलों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन का शुभारंभ किया और सतगुरु से सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक जयमाला और निरंकारी सांझा-हार से हुआ, जिसे मिशन की प्रधान राजकुमारी व कार्यकारिणी सदस्यों ने जोड़ों को पहनाकर मंगलकामनाएं दीं। सतगुरु माता एवं राजपिता ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर सुख, शांति व आनंदमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग



के सहयोग से आयोजित इस समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा से आए नवयुगल शामिल हुए। विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और संस्कृतियों से आए 126 नवयुगलों का एक साथ परिणय सूत्र में बंधना एकत्व, समानता और वैश्विक भाईचारे की अनुपम मिसाल बना। सतगुरु माता के परिवार के सदस्य का शुभ विवाह भी इसी सामूहिक सादा विवाह के दौरान सम्पन्न हुआ। अपने आशीर्वचनों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने नवविवाहित जोड़ों से कहा कि सामूहिक विवाह का भाव केवल एक आयोजन तक सीमित न रहकर जीवन जीने का ढंग बनना चाहिए। पति-पत्नी एक-दूसरे की जिम्मेदारियों को समान रूप से निभाते हुए प्रेम, विश्वास और तालमेल के साथ आगे बढ़ें तथा एक-दूसरे के दो पंख बनकर जीवन की हर परिस्थिति का सामना करें। विवाह जीवनभर प्रेम, आदर और समर्पण से निभाया जाने वाला पवित्र रिश्ता है, जिसे दोनों परिवारों के आपसी सम्मान और स्नेह से और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

युवाओं का मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने अभियान 30 से

सीमा सन्देश# बीकानेर। जिले में 18-19 वर्ष एवं 17-18 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं तथा प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं का शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले के समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षण संस्थानों तथा छात्रावासों में विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी शैलजा पांडे ने आदेश जारी कर जिले के सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक विशेष अभियान संचालित कर पात्र युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य पात्र युवाओं को मतदाता सूची में पंजीकरण के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्रीमती पांडे ने बताया 30 अक्टूबर को समस्त राजकीय महाविद्यालयों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। 1 नवंबर को मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित कर युवाओं का पंजीकरण किया जाएगा। 2 नवंबर को निजी महाविद्यालयों, बीएड महाविद्यालयों एवं डाइट, 3 नवंबर को कोचिंग संस्थानों तथा 4 नवंबर को आईटीआई, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज एवं कौशल विकास केंद्रों में विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं, 5 नवंबर को जिले के समस्त छात्रावासों में संपर्क कर पात्र विद्यार्थियों का मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 5 नवंबर को उपखंड एवं ब्लॉक स्तर पर निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

रतनगढ़ नगरपालिका की पहली साधारण सभा, रखे प्रस्ताव



सीमा सन्देश# रतनगढ़

नवगठित नगरपालिका बोर्ड की पहली साधारण सभा पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 16 एजेंडे सर्वसम्मति से पारित किए गए। ईओ भवानीशंकर व्यास ने पार्क विकास, भूमि तारबंदी, हाईमास्ट लाइट, चौराहा सौंदर्यीकरण और फ्लैग लगाने के प्रस्ताव रखे। बैठक में स्ट्रीट लाइट बदलने, प्रवेश द्वारों पर स्वागत द्वार, जर्जर विद्युत पोल हटाने, वेंडिंग-नॉन वेंडिंग जोन और अतिक्रमण रोकने पर चर्चा हुई। पार्षदों ने सफाई व्यवस्था सुधारने तथा पिछले कार्यकाल के कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग उठाई। शुरूआत में पूर्व पार्षद नंदकिशोर भार्गव को श्रद्धांजलि दी गई। अर्चना सारस्वत और पवन पंचलगिया को छोड़कर 43 पार्षद व उपाध्यक्ष सरिता प्रजापत उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से शहर में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे।

अनूपगढ़: शहर में करवा चौथ पर्व मनाया

सीमा सन्देश # अनूपगढ। शहर में करवाचौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने अपने घरों में इकट्ठा होकर व्रत रखा, पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने चांद देखकर विधि-विधान से व्रत खोला,



और पूरे दिन शहर में पर्व का उल्लास बना रहा।

शर्मा बंधुओं की माता बनारसी देवी का निधन

श्रीगंगानगर। श्रीकरणपुर रोड स्थित चक 15 जैड निवासी बनारसी देवी शर्मा (धर्मपत्नी स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा) का



गुरुवार 29 अक्टूबर गुरुवार सायं निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार चक 15 जैड की कल्याण भूमि में शुक्रवार प्रातः किया जाएगा। वे देवकरण शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, बसंत कुमार शर्मा, कुलदीप कुमार शर्मा व दीपक शर्मा की माताश्री तथा पंकज शर्मा, ललित शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा, सुनीत शर्मा, लोकेश शर्मा, मुकुल शर्मा व जतिन शर्मा की दादी थीं। बनारसी देवी लगभग शतायु थीं और कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। 'सीमा सन्देश' बनारसी देवी के निधन पर शर्मा परिवार के प्रति गहन सम्वेदना व्यक्त करता है।

चुनाव | स्वच्छ भारत अभियान पर भी फोक्स रखने के निर्देश

अधिकारी, कर्मचारी संवेदनशील होकर कार्य करें : सीईओ जैन

सीमा सन्देश # सादुलशहर



जिला परिषद के सीईओ अभिषेक जैन ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी संवेदनशील होकर कार्य करें। किसी भी कार्य में लापरवाही-कोताही न बरतें। वे बुधवार अपरान्ह पंचायत समिति हॉल में समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में संचालित हो रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की भौतिक स्थिति, कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। यही नहीं संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करवाने के निर्देश भी दिए। सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन पर विशेष फोक्स डाला। अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान में कतई कोताही न बरतें। सफाई के बारे में कहीं कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्र और राज्य वित्त आयोग तथा सांसद-विधायक कोटे की राशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान एसीईओ हरीराम चौहान, अधीक्षण अभियंता रमेश मदान, एओ मनोज मोदी, अतिरिक्त बीडीओ पवन कुमार, एईएन मनरेगा जगवीर सिंह रमाणा, विकास कुमार, सहायक विकास अधिकारी गुरतेज सिंह बराड, विवेक कथूरिया, अशोक गोदारा, रामकुमार गोयल, ग्राम विकास अधिकारी बलतेज सिंह, रामनारायण सहारण, जसवंत सिंह, जनाब अली, विनोद कुमार, गुरनायब सिंह, दीपेंद्र गिरी, सुभाषचंद्र, सत्येंद्रप्रसाद उपाध्याय, योगेश डूडी, जसपाल सिंह, करणदीप सिंह, कार्मिक महेंद्र भादू, अमर गोयल, नरेंद्र वर्मा, जसपाल सिंह, कमलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

कार्यालय रक्षा संपदा अधिकारी, बीकानेर वृत्त, बीकानेर

संख्या : बीकेएन/प्रशा/114/216 पेड़/रसका/खंड-1 दिनांक : 29 अक्टूबर 2026

ई-नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय रक्षा सम्पदा अधिकारी, बीकानेर वृत, बीकानेर द्वारा मिलिट्री स्टेशन, श्रीगंगानगर में विविध प्रजाति के 216 सूखे खड़े/गिरे पेड़ों (नीलामी पत्र संख्या 2026_MoD_5018) के निस्तारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म आदि द्वारा भारत सरकार के एनआईसी द्वारा संचालित ई-नीलामी पोर्टल www.eauction.gov.in के माध्यम से ई-नीलामी (E-AUCTION) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

नीलामी में इच्छुक व्यक्ति दिनांक 09.11.2026 तक कार्यालय समय में कार्यालय दिवस के दौरान सीधे ही स्टेशन मुख्यालय, श्रीगंगानगर में सम्पर्क कर पेड़ों का निरीक्षण कर सकते हैं। इस कार्यालय के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 04.11.2026 को दोपहर 1230 बजे पेड़ों को मौके पर दिखाया जावेगा। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा पेड़ों का अन्य विवरण, नीलामी के नियम तथा शर्तें भारत सरकार के एनआईसी द्वारा संचालित ई-नीलामी पोर्टल (www.eauction.gov.in) से प्राप्त किया जा सकता हैं। सार्वजनिक/ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु फोन नं. 0151-2942929 या ईमेल deobika-stats@nic.in पर संपर्क करें।

(उपेन्द्र कुमार) रक्षा सम्पदा अधिकारी, बीकानेर वृत, बीकानेर

वर्ग पहली क्रमांक 7964



बायें से दायें:- 1) पेशगी, 5) गायब, 8) अनूठा, 12) शक्तिशाली, 15) लज़ीज, 17) उछलकूद, 19) निगलना, 20) कायर, 21) रोना धोना, 25) खुर का निचला हिस्सा. (उत्तर: अगले अंक में)

इश्क़, 4) मुन्नी; छोकरी, 5) नाड़ी, 6) अंकुर, 7) आचरण, 8) चुकता, 9) बहुत, 10) अमान्य, 11) अभिमान, 13) सच्चाई, 14) मेघ, 16) छौंक, 17) दाग़, 18) एक परिधान; प्रमुख (मसजिद), 19) हिसाब, 20) आवाज़, 22) नष्ट; बरबाद, 23) अल-मस्त; क़लंदर, 24) खँजर, 26) साफ़ा, 27) माप.

पिछली पहेली का उत्तर

प	ल		अ	लो	च	ना		म	त्थ
रि		क	ड़ा		म		ड़ु	रा	
च	व	ल		सँ	क	रा		ठी	क
रि		मा	या		दा	म	न		र
का	या		च		र		चा	ल	नी
	या	त	ना			गु	ना	ह	
	व	न		ध	र	णी		रा	
खा	र	हा		व			बे	ना	गा
फ़ा		ई	ड़	ल	फ़ि	त	र		ढ़ा

ऊपर से नीचे:- 1) नटना, 2) कोलाहल, 3) अधिक भीगा हुआ, 4)

आज का इतिहास

नयी दिल्ली। 30 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं

1945 - भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1956 - भारत का पहला पांच सितारा होटल ह्यअशोकह्न खुला।
1960 - ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक गुर्दा प्रत्यारोपण किया गया।
1963 - अफ्रीकी देश मोरक्को तथा अल्जीरिया ने युद्ध विराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
1972 - शिकागो में लोकल ट्रेनों की आमने-सामने की टक्कर में 45 की मौत, 332 घायल।
1973 - तुर्की के इस्तांबुल में यूरोप और एशिया को जोड़ने वाला बॉस्पोरस ब्रिज बनकर तैयार।
1975 - स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।
1980 - मध्य अमेरिकी देशों अल सल्वाडोर और होंडुरास ने सीमा विवाद हल किया।
1990 - भारत के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता विनोद मेहरा की मृत्यु।
1994 - बाल्कन देश मेसिडोनिया के संसदीय चुनाव में वामपंथी गठबंधन की जीत।
2001 - लादेन के सम्पर्क में रहने के आरोपी तीन परमाणु वैज्ञानिकों को पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंपा।
2003 - ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस चार्ल्स का भारत दौरा प्रारम्भ। अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने पाकिस्तान को भारत के साथ शांति वार्ता करने को कहा।
2008 - गुवाहाटी सहित असम के कई हिस्सों में कम से कम 18 धमाके हुए जिनमें 81 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हुए।
2013 - तेलंगाना के महबूबनगर में बस में आग लगने से 44 लोगों की मौत।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एनएनएस) शनिवार कार्तिक बदी षष्ठी को बासमती चावल, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला व इनके तेल, देशी चना, काबुली चना, तुवर, मोठ, मटर, उड़द, लौंग, गोला, दालचीनी, कलौंजी, काजू, अजवायन, जायफल, हल्दी, जावित्री, बादाम गिरी, अमचूर, कॉपर, पीतल, लोहा-इस्पात में लाभ तथा गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, सोयाबीन, राजमा चित्रा, मक्की, बाजरा, मूंग, शर्मिली, रुई, जस्ता, टिन, छोटी इलायची, इमली, धनिया, जीरा, सौंफ, गुड़ खांडसारी, सोना-चांदी में हानि की संभावना है। भाग्यांक 1-2-7-8 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 8.39 बजे प्रातःद्द के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

30 अक्टूबर शुक्रवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि पंचमी, नक्षत्र- मृगशिरा, योग-शिव, करण-कौल्व, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.45 बजे, सूर्यास्त 5.52

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : साहस और आत्मविश्वास से काम पूरे होंगे। कारोबार में लाभ बढ़ेगा और भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा।

वृषभ : परिवार में खुशहाली रहेगी और धन-संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कारोबार में लाभ मिलेगा और रुके हुए काम गति पकड़ेंगे।

मिथुन : करियर और व्यापार में सफलता के अवसर मिलेंगे। नई योजनाएं सफल होंगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कर्क : खर्चों पर नियंत्रण रखें और निवेश में सावधानी बरतें। लेनदेन में सतर्क रहें तथा बजट बनाकर चलें।

सिंह : करियर में उन्नति और कारोबार में लाभ के योग हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा और परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

कन्या : कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आय बेहतर रहेगी तथा नए व्यावसायिक प्रस्ताव मिल सकते हैं।

तुला : कार्यों में सफलता और सहयोगियों का साथ मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृश्चिक : कामकाज में उतार-चढ़ाव रह सकता है, इसलिए धैर्य रखें। आर्थिक लेनदेन में सावधानी बरतें और स्वास्थ्य की अनदेखी न करें।

धनु : कारोबार में सुधार होगा और आर्थिक लक्ष्य पूरे करने में सफलता मिलेगी। पारिवारिक रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा और सहयोगियों से तालमेल बेहतर होगा।

मकर : कामकाज में जल्दबाजी से बचें और जरूरी दस्तावेजों की जांच करें। मेहनत से अच्छे परिणाम मिलेंगे, लेकिन उधार के लेनदेन में सतर्क रहें।

कुंभ : पढ़ाई और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। करियर में प्रगति होगी और मित्रों व सहयोगियों का साथ मिलेगा।

मीन : करियर और कारोबार में अच्छे अवसर मिलेंगे। जल्दबाजी में निर्णय लेने और विवादों से बचें, परिवार को समय दें।

जियो प्लेटफॉर्म्स की दमदार शुरूआत, अब रिलायंस की बादशाहत को चुनौती

सूचीबद्ध होते ही देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने शेयर बाजार में शानदार शुरूआत करते हुए निवेशकों का भरोसा जीत लिया है। सूचीबद्ध होने के एक दिन बाद ही कंपनी के शेयर में लगभग पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई, जिससे उसका बाजार पूंजीकरण करीब 14 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसके साथ ही जियो प्लेटफॉर्म्स ने देश की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी का स्थान हासिल कर लिया है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी फिलहाल रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जिसका बाजार पूंजीकरण लगभग 16 लाख करोड़ रुपये है। जियो प्लेटफॉर्म्स और रिलायंस के बीच अब केवल करीब दो लाख करोड़ रुपये का अंतर रह गया है। यदि जियो की तेजी इसी तरह जारी रहती है तो आने वाले समय में वह अपनी ही मूल कंपनी को चुनौती दे सकती है।



शानदार सूचीबद्धता और निवेशकों का भरोसा

जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 1,358 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ था। पहले कारोबारी दिन यह 1,417.35 रुपये पर बंद हुआ, जबकि अगले दिन 1,448.05 रुपये पर खुलकर शुरूआती कारोबार में 1,490 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी करीब डेढ़ प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। प्रमुख ब्रोकरेज संस्थानों नोमुरा, मोतीलाल ओसवाल और एलारा कैपिटल ने कंपनी पर अपनी कवरेज शुरू की है। नोमुरा और मोतीलाल ओसवाल ने जियो प्लेटफॉर्म्स को 'बाय' रेटिंग देते हुए क्रमशः 1,340 रुपये और 1,350 रुपये का लक्ष्य मूल्य तय किया था। हालांकि कंपनी का शेयर पहले ही इन लक्ष्यों से आगे निकल चुका है।

भारत की सबसे मूल्यवान कंपनियां

- **रिलायंस इंडस्ट्रीज :** 15.90 लाख करोड़ रु.
- **जियो प्लेटफॉर्म्स :** 13.19 लाख करोड़ रु.
- **भारती एयरटेल :** 11.99 लाख करोड़ रु.
- **एचडीएफसी बैंक :** 10.56 लाख करोड़ रु.
- **आईसीआईसीआई बैंक :** 9.89 लाख करोड़ रु.

जियो प्लेटफॉर्म्स की तेज शुरूआत यह संकेत देती है कि भारतीय पूंजी बाजार में दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं का महत्व लगातार बढ़ रहा है। यदि कंपनी अपनी विकास गति बनाए रखती है तो वह निकट भविष्य में देश की सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बनने की दौड़ में गंभीर दावेदार बन सकती है।

दुनिया की शीर्ष पांच टेलीकॉम कंपनियों में जगह

सूचीबद्ध होने के साथ ही जियो प्लेटफॉर्म्स वैश्विक स्तर पर बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष पांच दूरसंचार कंपनियों में शामिल हो गई है। ब्लूमबर्ग के अनुसार कंपनी का बाजार पूंजीकरण 137.3 अरब डॉलर है।

वैश्विक क्रम में प्रमुख कंपनियां

- चाइना मोबाइल : 220.3 अरब डॉलर
- वेराइजन : 182.1 अरब डॉलर
- टी-मोबाइल यूएस : 157.5 अरब डॉलर
- एटी एंड टी : 141.1 अरब डॉलर
- जियो प्लेटफॉर्म्स : 137.3 अरब डॉलर

शेयर बाजार : जोरदार तेजी, सेंसेक्स 905 अंक उछला; निफ्टी 22,936 के पार

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार, 29 अक्टूबर को तेजी का रुख देखने को मिला। कारोबार के दौरान खरीदारी बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में बढ़त दर्ज की गई। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बिजली क्षेत्र के शेयरों में निवेशकों ने रुचि दिखाई। कारोबार समाप्त होने पर सेंसेक्स 74,151.04 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 बढ़कर 22,936.75 अंक पर पहुंच गया। अडाणी पोर्ट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, कोटक महिंद्रा बैंक और पावर ग्रिड के शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं, ट्रेंट और मारुति सुजुकी सहित कुछ कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही।



जारी रह सकता है बाजार में उतार चढाव

बाजार की चाल पर वैश्विक संकेतों, कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का असर रहा। निवेशकों की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के रुझान पर भी बनी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले कारोबारी सत्रों में बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति पर मंथन

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। किशनपुरा आबादी स्थित शांति शिक्षा विहार में चल रहे सात दिवसीय निःशुल्क धम्म प्रशिक्षण शिविर में राजस्थानी भाषा, साहित्य व संस्कृति पर मंथन किया गया। इस दौरान बौद्ध भिक्षुओं ने राजस्थानी भाषा को प्रदेश की राजभाषा का दर्जा दिलाने व प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक लागू करवाने के प्रयासों में सहयोग देने का संकल्प लिया। शिविर में आनापानसति अभ्यास, पिंडपात व रचना प्रशिक्षण के माध्यम से समाज में व्याप्त कुंठा, अहंकार और आपसी कलह को दूर कर सभ्य नागरिक तैयार करने का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थानी भाषा मान्यता समिति के प्रदेश महामंत्री व साहित्यकार मनोज स्वामी तथा राजस्थानी छात्र मोर्चा के प्रदेश संयोजक व सहायक आचार्य डॉ. गौरीशंकर निमीवाल ने राजस्थानी भाषा आंदोलन, साहित्य व संस्कृति पर विशेष व्याख्यान दिया।

बाल अधिकारों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया

श्रीगंगानगर। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा सुरेंद्रा डेंटल कॉलेज में बाल संरक्षण जागरूकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष चर्चा के दौरान विशेषज्ञों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बाल श्रम, बाल विवाह, नशाखोरी और बाल शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान समय में बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक ने बताया की बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को मुक्त कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने की बात कही। विभाग के सहायक निदेशक राजीव जाखड़ ने बच्चों को नशे एवं बाल अपराधों के विरुद्ध सजग किस प्रकार रहना है, इसके बारे में जागरूक किया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक त्रिलोक वर्मा, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. रुचि सेठी, समन्वयक जितेंद्र त्यागी आदि उपस्थित रहे।\\

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8771-7500 (आ. 673 क्विं.), मूंग 8351-6600 (आ. 971 क्विं.), ग्वार 8018-7055 (आ. 285 क्विं.), नरमा 8822-8400 (आ. 2225 क्विं.), कपास 8700-8610 (आ. 45 क्विं.), मक्का 2500-2300 (आ. 150 क्विं.), बाजरा 2695-2431 (आ. 138 क्विं.), गेहूं 2925-2810 (आ. 55 क्विं.), **रायसिंहनगर:** सरसों 8100-8451, चना 6727, गेहूं 2730-2925, मूंग 7511-8451, ग्वार 7400-7940, बाजरी 2658, **श्रीकरणपुर:** नरमा 9073-8700, **गजसिंहपुर:** सरसों 8123-8523, ग्वार 7500-7642, बाजरा 2455, मूंग 7151-8300, नरमा 8501-8847, कपास 8550-8701, **घड़साना:** मूंग 8630-7090, नरमा 8830-8750 ,सरसों 8563-7964, गेहूं 2885, **श्रीबिजयनगर:** मूंग 8340-7950, नरमा 8796-8661, ग्वार 7895-7800, सरसों 8058, बाजरी 2730-2721, कपास 8725-8421, **जैतसर:** सरसों 8063-8080, मूंग 8000-8280, ग्वार 7500-7700, नरमा 8725-8900, गेहूं 2751, धान 3426-4621, **अनूपगढ़:** नरमा 8841-8722, मूंग 8576-7125, सरसों 8388-8104, धान 4551-3751, ग्वार 7905-7551, गेहूं 3010-2871, बाजरा 2732-2600, कपास 8661-8500, मोठ 8200, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2100-2850, सरसों 5500-8785, पीली सरसों 6200-8900, ग्वार 6500-7670, मूंग 5000-8350, नरमा 8000-8831, बाजरी 2000-2675

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।,चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: नरमा 8800, बाजरा 2521, ग्वार 7676, मूंग 7680, धान 2351, **डबली राठान :** नरमा 8395, बाजरा 2526, ग्वार 7800, धान 3066, **हनुमानगढ़ टा :** कपास 8730, नरमा 8816, बाजरा 2561, ग्वार 7501, मूंग 7950, धान 2400, **रावतसर :** कपास 8430, नरमा 8752, गेहूं 2900, जौ 2940, बाजरा 2545, ग्वार 7651, चना 6554, मूंग 8062, मोठ 8638, सरसों 8448, तारामीरा 7175, तिल 21350, अरण्डी 7806, मूंगफली 7771, **नोहर :** ग्वार 7652, चना 7151, मूंग 8160, मोठ 8612, सरसों 8690, अरण्डी 8555, **भादरा:** गेहूं 2842, ग्वार 7493, मूंग 7491, सरसों 9375, **संगरिया :** नरमा 8635, गेहूं 2871, बाजरा 2481, ग्वार 7000, चना 6600, मूंग 7325, सरसों 8321, **गोलूवाला :** कपास 8250, नरमा 8800, गेहूं 2681, बाजरा 2560, ग्वार 7800, मूंग 8196, मोठ 7251, सरसों 8590, **पीलीबंगा :** नरमा 8721,

गंगनहर का वरीयताक्रम



30 अक्टूबर 2026, शुक्रवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250	खुलने का समय	बंद होने का समय
करणीजी 580 (7)	24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	01 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ 1183 (5)	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
केके 1096 (4)	27 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
एलएनपी 1373		
ईईए 1433		
बीबी 1631		
एमके 1729		
एच 2036		
वाई 2067		
जैड 2222		
डी-भागसर 2240		
बीआईएफ+जे 2281		
पीएस 2441		
एमएलए 2482		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल 2542		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
नेतेवाला 2563		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
हिरणावाली 2585		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
जीजी 2786		29 अक्टूबर सायं 6 बजे
फार्म 2847		26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
रिडमलसर 2858		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एचएच 2893		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
आरबी 3163		26 अक्टूबर सायं 3 बजे
समेजा 3365		24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में गुरुवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1330 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6877	साहवा	300
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	निल	कंवरसैन	512
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	3017
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

गुरुवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 29.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.70
पानी की आवक - 8400 क्यूसेक, निकासी- 8400 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1359.47
पानी की आवक- 3079 क्यू., निकासी- 9018 क्यू., बीकानेर - 1752

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

28 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

रतनपुरा	42	नवां-सतीपुरा	987
नाथवाना	73	मोरजण्डा	1200
प्रतापपुरा	248	नगराना	1208
हरिपुरा	261	लीलांवाली	1448
दीनगढ़	274	भाखरांवाली	1453
सूरतपुरा	283	करनीसिंह	1783
मोडिया	508	मम्मड़खेड़ा	1978
पीलीबंगा	653	जोड़कियां	2058
लोंगवाला	868	सूरतगढ़	2178
अमरपुरा	963	भगतपुरा	2216
रोड़ांवाली	976	संगरिया	2222

बीए की स्टूडेंट ने 1000 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23 से 27 अक्टूबर तक हुए जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान की धाविका दीपिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। दीपिका ने 1000 मीटर की दौड़ 2 मिनट 55.22 सेकंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। तमिलनाडु की ए. थनिष्का अंबरास ने 2 मिनट 55.37 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा की खुशी शर्मा 2 मिनट 55.86 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। दीपिका ने कड़े मुकाबले में दोनों धाविकाओं को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दीपिका मूल रूप से सीकर जिले के लोसल गांव की रहने वाली हैं और खालसा कॉलेज में बीए की छात्रा हैं। वह तीन सालों से श्रीगंगानगर के महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही हैं। इससे पहले भी दीपिका अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने रांची में आयोजित नेशनल क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, लुधियाना में आयोजित अंडर-18 यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 1000 मीटर दौड़ में 2 मिनट 54 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया था।

पुणे के एक मामले में 3 लाख रुपये के शगुन पर उठा सवाल, दस्तावेजों के आधार पर ही मिली आंशिक राहत

शादी का शगुन बैंक में जमा करने से पहले रहें सावधान, नहीं तो आ सकता है आयकर विभाग का नोटिस

पुणे।

शादी में मिले शगुन पर सामान्यतः आयकर नहीं लगता, लेकिन यदि बड़ी नकद राशि बैंक खाते में जमा की जाती है और उसके स्रोत का पर्याप्त प्रमाण नहीं हो तो आयकर विभाग सवाल उठा सकता है। ऐसा ही एक मामला पुणे में सामने आया, जहां शादी में मिले 3 लाख रुपये बैंक में जमा करने पर महिला आयकर विवाद में फंस गई।

महिला ने अपने बैंक खाते में 50-50 हजार रुपये की छह किस्तों में कुल तीन लाख रुपये जमा किए थे। आयकर विभाग ने इसे अघोषित आय मानते हुए आपत्ति जताई। मामला आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) पहुंचा। सुनवाई के दौरान महिला ने बताया कि यह राशि उसे शादी में शगुन के रूप में



मिली थी। उसने शगुन देने वालों की सूची भी प्रस्तुत की। न्यायाधिकरण ने 2.75 लाख रुपये को शगुन मानकर राहत दी, लेकिन 25 हजार रुपये का पर्याप्त प्रमाण नहीं मिलने के कारण उस राशि पर राहत नहीं दी।

शादी गिफ्ट पर नियम?

एक अप्रैल 2026 से लागू आयकर कानून, 2025 के अनुसार शादी के अवसर पर दूल्हा-दुल्हन को मिलने वाले नकद, सोना, चांदी, शेयर या संपत्ति जैसे उपहार सामान्यतः करमुक्त हैं। हालांकि, बड़ी नकद राशि लेने और बैंक में जमा करने के नियम अलग हैं।

दस्तावेज संभालकर रखें

यदि शादी में बड़ी राशि या मूल्यवान उपहार मिले हैं, तो ये दस्तावेज सुरक्षित रखें-

- विवाह कार्ड और विवाह प्रमाणपत्र।
- उपहार देने वालों की सूची।
- बैंक स्टेटमेंट और भुगतान का विवरण।
- गिफ्ट डीड या दाता की घोषणा (यदि आवश्यक हो)।
- आभूषणों के बिल या मूल्यांकन रिपोर्ट।
- शेयरों का डीमैट विवरण।
- संपत्ति के मामले में पंजीकृत गिफ्ट डीड और स्टांप शुल्क संबंधी दस्तावेज।

ध्यान रखने योग्य बातें

- किसी एक व्यक्ति से दो लाख रुपये या उससे अधिक नकद लेने से बचें।
- बड़ी राशि के लिए बैंकिंग माध्यम, चेक या इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को प्राथमिकता दें।
- नकद जमा करने पर राशि के स्रोत का प्रमाण सुरक्षित रखें।

गिफ्ट पर नहीं, लेकिन उससे होने वाली आय पर लगेगा टैक्स

शादी में मिले उपहार पर भले ही कर छूट मिले, लेकिन यदि उसी धन को सावधि जमा में निवेश किया जाए तो ब्याज पर कर लगेगा। इसी प्रकार उपहार में मिली संपत्ति से किराया, शेयरों से लाभांश या संपत्ति बेचने पर होने वाला पूंजीगत लाभ भी आयकर के दायरे में आएगा। इसलिए उपहार के साथ-साथ उससे जुड़े सभी वित्तीय रिकॉर्ड सुरक्षित रखना समझदारी है।

पति की लंबी आयु के लिए रखा करवा चौथ

1800 से अधिक सुहागिनों ने सामूहिक रूप से सुनी कथा



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सेतिया कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित हाथी वाले श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में करवा चौथ के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 1800 से अधिक सुहागिनों ने चौथ माता की कथा सुनी। सुबह पुजारियों ने विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना कराई। गणपति महाराज, मां लक्ष्मी और शिव-पार्वती के पूजन के बाद महिलाओं को कथा सुनाने का सिलसिला देर शाम तक चला। पुजारियों ने व्रत का महत्व बताया। पिछले 36 वर्षों से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद रविना नारंग, कमल नारंग, विनोद कुमार सोई, लाजपत राय खुराना, राजेंद्र शर्मा, ललित चराया, कमल तीना, विजय अरोड़ा विक्की, मनीष शर्मा, राजन व संकीर्तन मंडलों का विशेष सहयोग रहा।

पैकेजिंग कमोडिटी का औचक निरीक्षण, अनियमिताएं पर 10 हजार का जुर्माना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009, पैकेज कमोडिटी नियम-2011 तथा राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम-2011 के तहत जिले में संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों का व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विधिक माप विज्ञान अधिकारी ने गत दिवस रीको श्रीगंगानगर में स्तिथ पतंजलि फूड्स, हार्दिक एग्रोटेक व अल्पिनो पल्सेस का निरीक्षण किया। विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित चैधरी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं को सही सामान मिले, इस हेतु पैकेज कमोडिटी नियमानुसार डिक्लेरेशन तथा कांटो का तकनीकी परीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान अल्पिनो पल्सेस पर काँटे सत्यापित नहीं होने की अनियमितता पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कुल 10000 का जुर्माना लगाया गया।

आगामी दिनों में भी सम्पूर्ण जिले में संचालित फर्मों की नियमित जांच जारी रहेगी तथा



दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में विधिक मानकों की अनुपालना सुनिश्चित कराना है। विभाग ने सभी व्यापारियों से केवल प्रमाणित व सत्यापित कांटा-बांट का उपयोग करने की अपील की है।

सीमावर्ती क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) नयन गौतम के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी नितिन चौधरी, सीओ ग्रामीण भूपेंद्र सिंह, बीडीओ भंवर लाल स्वामी, एसएचओ सदर सुभाष ढील एवं एसएचओ सुनील खोड ने कालिया, पतली, हिंदुमलकोट एवं तीन वाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन एवं पुलिस की ओर से पंचायती राज आम चुनाव-2026 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों पर ध्यान दिया जा रहा है।

श्यामनगर, पुरानी आबादी और मियों की ढाणी समेत कई वार्डों में हुई नालों की सफाई



सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते बृहस्पतिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक स्तर पर नालों की सफाई का कार्य करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस विशेष अभियान के तहत श्यामनगर, पुरानी आबादी, मियों की ढाणी सहित नगर परिषद की सीमा में हाल ही में शामिल किए गए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के वार्डों में स्थित प्रमुख नालों की साफ-सफाई करवाई गई। सभापति अजय दावड़ा एवं आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने बताया कि नालों से सिल्ट, गाद और कचरा बाहर निकालने के लिए आधुनिक वाहन संसाधनों और जेसीबी मशीनों का विशेष रूप से उपयोग किया गया। सिल्ट निकालने के तुरंत बाद संबंधित स्थानों पर उचित साफ-सफाई सुनिश्चित की गई, जिससे जल निकासी सुचारू हो सके और लोगों को गंदे पानी व दुर्गंध की समस्या से राहत मिले। इस दौरान सभापति अजय दावड़ा और आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने संयुक्त रूप से शहरवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा व अन्य अपशिष्ट पदार्थ किसी भी स्थिति में नालों या नालियों में न डालें। कचरे को केवल नगर परिषद के घर-घर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों में ही डालें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में नागरिकों का सक्रिय सहयोग बेहद जरूरी है। नगर परिषद की इस पहल से जहां एक ओर जलभराव की समस्याओं से निजात मिलेगी, वहीं दूसरी ओर शहर में स्वच्छता का स्तर भी और अधिक मजबूत होगा।

गाँव और किसान की समृद्धि, खुशहाली भाजपा की प्राथमिकता : मदन राठौड़

कहा- सिंचाई, तारबंदी और ग्रामीण विकास में सरकार ने किए ऐतिहासिक कार्य

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' के संकल्प के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव, किसान और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं, ताकि किसान खुशहाल हो और खेत-खलिहान समृद्ध बनें। राठौड़ ने कहा कि किसान के बीज से लेकर बाजार तक की चिंता करते हुए सरकारें कार्य कर



रही हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासन के पांच वर्षों में राजस्थान में नहरी तंत्र से 52 हजार 182 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित हुई, जबकि भाजपा सरकार ने 34 माह में एक लाख 42 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को इससे जोड़ा है। उन्होंने कहा कि खेतों में तारबंदी के क्षेत्र में भी भाजपा सरकार ने तेजी से काम किया है। उन्होंने रामजल सेतु परियोजना, यमुना जल योजना और किसाऊ परियोजना को किसानों एवं गांवों के लिए बड़ी सौगात बताया। राठौड़ ने कहा कि पंचायतीराज चुनाव के संकल्प पत्र में किसानों को वार्षिक 12 हजार रुपये सम्मान निधि, दिन में सिंचाई बिजली और 10 लाख रोजगार देने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को 10 हजार करोड़ रुपये तक ऋण, मातृ वंदन सहायता राशि में वृद्धि और विधवा-परित्यक्ता पेंशन बढ़ाने जैसे कार्य भी प्रस्तावित हैं। हर गांव को विकास के लिए पांच करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।



श्रीगंगानगर के भगवंत सिंह सिद्धू बने जिले के पहले सुपर रैंडोन्यूर, पेरिस-ब्रेस्ट-पेरिस 2027 के लिए क्वालीफाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

जिले के गाँव मोहनपुरा निवासी 41 वर्षीय भगवंत सिंह सिद्धू (सुपुत्र स्व. सरदार हरबंस सिंह फौजी) ने लंबी दूरी की साइक्लिंग में इतिहास रचते हुए जिले के पहले सुपर रैंडोन्यूर (एसआर) बनने का गौरव हासिल किया है। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस में आयोजित होने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित पेरिस-ब्रेस्ट-पेरिस 2027 अल्ट्रा-डिस्टेंस राइड के लिए भी आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है।

भगवंत सिंह सिद्धू ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर चारों अनिवार्य ब्रेवेट राइड्स सफलतापूर्वक पूरी की

- **300** किलोमीटर : पटियाला में 13 घंटे 21 मिनट (5 सितंबर)
- **400** किलोमीटर : 22 घंटे 53 मिनट (19 सितंबर)
- **600** किलोमीटर : 36 घंटे 31 मिनट (26 सितंबर)
- **200** किलोमीटर : जालंधर में 8 घंटे 30 मिनट (25 अक्टूबर)

इन कठिन चुनौतियों को पार कर उन्होंने साबित किया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि और सीमित संसाधनों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर के लक्ष्य साधे जा सकते हैं। अब उनका अगला पड़ाव वर्ष 2027 में फ्रांस में होने वाली 1,200 किमी लंबी ऐतिहासिक पेरिस-ब्रेस्ट-पेरिस राइड है, जो 1891 से आयोजित हो रही है।

नकबजन गिरोह के पाँच सदस्य पकड़े

जैसलमेर। पुलिस ने रात में घरों में घुसकर नकबजनी करने वाले शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करके पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चित्तौड़गढ़ जिला विशेष दल के सहयोग से हुई इस संयुक्त कार्रवाई में घटना के करीब 20 दिन में गिरोह तक पहुंचा गया।

ईवी रफ़्तार को मिली वैश्विक पहचान, मारुति ने निर्यात की 50 हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें

करीब 50 देशों में पहुंच रही मेड-इन-इंडिया ईवी, यूरोप बना सबसे बड़ा बाजार

नई दिल्ली। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग अब घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी से बढ़ रही है। इसका ताजा उदाहरण देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता



कंपनी मारुति सुजुकी है। कंपनी ने भारत में निर्मित 50 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का निर्यात विदेशी बाजारों में कर नया मुकाम हासिल किया है।

अगस्त 2025 से शुरू हुआ ईवी निर्यात अभियान : मारुति सुजुकी ने अगस्त 2025 में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्यात शुरू किया था। इसके बाद कंपनी अब तक ब्रिटेन, नॉर्वे, जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड सहित करीब 50 देशों में मेड-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक कारें भेज चुकी है। कंपनी के अनुसार यूरोप उसके इलेक्ट्रिक वाहनों का सबसे बड़ा निर्यात बाजार बना हुआ है।

भारतीय ईवी निर्यात में 93 फीसदी हिस्सेदारी : सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच भारत से निर्यात की गई इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारों में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत रही। इसी अवधि में भारत से कुल पैसेंजर व्हीकल निर्यात में भी कंपनी की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही।

120 देशों तक पहुंच रही भारतीय कारें : मारुति सुजुकी वर्तमान में भारत में निर्मित 16 कारों को करीब 120 देशों में निर्यात कर रही है। कंपनी का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को विस्तार देने के साथ ही वह वैश्विक बाजारों में अपनी मौजूदगी और मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है।

निर्यात में लगातार बढ़ोतरी : कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में उसने 4.47 लाख से अधिक वाहनों का निर्यात किया, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में करीब 34 प्रतिशत ज्यादा था। विशेषज्ञों के अनुसार, मारुति की ईवी निर्यात उपलब्धि भारत में निर्मित वाहनों की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता को दशार्ती है। इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में यह सफलता भारत को अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल बाजार में मजबूत पहचान दिलाने में मदद कर रही है।

श्री राधा वल्लभ धाम मंदिर में सुहागिनों ने सुनी व्रत कथा



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शिवाजी नगर प्रथम, एसएसबी रोड, 3 ई छोटी स्थित श्री राधा वल्लभ धाम मंदिर (राधे की हवेली) में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा-भक्ति भाव से मनाया गया। पुजारी योगेश कौशिक ने बताया कि सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना हेतु पूजा-अर्चना की तथा व्रत का पालन किया। बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे से ही मंदिर में महिलाओं के आने का क्रम सायंकाल तक निरंतर जारी रहा। पाँच सौ से अधिक महिलाओं ने सोलह शृंगार कर करवा चौथ की सामूहिक कथा श्रवण की। मंदिर प्रबंध समिति ने कार्यक्रम हेतु व्यवस्थाएं की गई।

मांझूवास। करवाचौथ के उपलक्ष्य में ग्रामीण महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखा। गौरी गणपति का पूजन कर चौथ माता का पूजन किया और कथा सुनकर अपने परिवार की खुशहाली एवं पति की दीघार्यु होने की कामना की। रात्रि में चाँद के दर्शन कर व्रत का परायण किया।

DCP(HQ), POLICE COMMISSIONERATE, JAIPUR
D.No- 409 Date: 17-10-2026

Notice Inviting Bid

Bids for Green Grass for Horses tender are invited from interested Bidders upto 12.00 pm date 03.11.2026 in e-format. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.raj.nic.in) of the state; and http://www.police.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 18.00 lakh Rupees.

UBN:- COP2627GLOB00027 **DCP (HQ)**
DIPR/C/18016/2026 **Jaipur**

कार्यालय उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, जिला-बीकानेर
क्रमांक :- प.3/लेखा( )/ रा.आ.मि./आवास-भोजन/निविदा/2026/2315 दिनांक : 26.10.2026

-: खुली निविदा संख्या 02/2026-27:-

आयुष्मान भारत योजना के तहत जिला बीकानेर में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की टीम (आशा, ए.एन.एम., नर्स / कम्पाउण्डर, आयुष मित्र) को जिला स्तर पर 02 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना है। एतदर्थ उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवासीय व्यवस्था, प्रशिक्षण हॉल एवं भोजन व्यवस्था हेतु **दिनांक 02.11.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे** तक मुहरबन्द लिफाफों में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.सं	विवरण	अनुमानित मूल्य	बिड संख्या
1.	आशा, ए.एन.एम., नर्स / कम्पाउण्डर, आयुष मित्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवासीय व्यवस्था, प्रशिक्षण हॉल एवं भोजन व्यवस्था हेतु	रुपये 650000/-	AYU2627SSOB00308

बिड संबंधी अन्य विवरण एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
DIPR/C/18052/2026 **- उप निदेशक**

कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़ (राजस्थान)
क्रमांक : नपह/म.भूमि/2026/3062 दिनांक : 28/10/2026
-: आपत्ति सूचना :-
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमति सुनीता देवी पत्नी श्री रामलाल, निवासी वार्ड नं. 40, हनुमानगढ़ जंक्शन ने आवेदन प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड संख्या 57, साईज 60 गुणा 90 फुट वाका मोजा सेक्टर नं. 06, हनुमानगढ़ जंक्शन का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग परिवर्तन जारी करवाना चाहा है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड प्रार्थीया के नाम से जारी होकर दिनांक 31.03.2007 को श्रीमान उप पंजीयक हनुमानगढ़ द्वारा पंजीबद्ध एवं जारीशुदा है। उक्त भू-उपयोग परिवर्तन जारी करने के सन्दर्भ में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति होतो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 15 दिवस में इस कार्यालय को सूचित करे बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।
- आयुक्त / प्रभारी अधिकारी, नगरपरिषद हनुमानगढ़

कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़ (राजस्थान)
क्रमांक : नपह/म.भूमि/2026/3065 दिनांक : 28/10/2026
-: आपत्ति सूचना :-
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि प्रार्थीगण श्री गोपाल राम- श्री विनोद कुमार पुत्रान श्री रामलाल, निवासी वार्ड नं. 40, हनुमानगढ़ जंक्शन ने आवेदन प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड संख्या 56, साईज 60 गुणा 90 फुट वाका मोजा सेक्टर नं. 06, हनुमानगढ़ जंक्शन का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग परिवर्तन जारी करवाना चाहा है। कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़ के पत्रांक 2733 दिनांक 15.09.2022 द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण प्रार्थीगण के नाम से जारीशुदा है। उक्त भू-उपयोग परिवर्तन जारी करने के सन्दर्भ में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति होतो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 15 दिवस में इस कार्यालय को सूचित करे बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।
- आयुक्त/प्रभारी अधिकारी, नगरपरिषद हनुमानगढ़

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/ 9044 दिनांक :- 23.10.2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 05 के किला नं. 19 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट का के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमति सुनीता देवी पत्नी श्री गणेश दास निवासी 3 ए छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 16176 दिनांक 18.08.2022 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपर्पजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्रीमति सुनीता देवी पत्नी श्री गणेश दास निवासी 3 ए छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 05 के किला नं. 19 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **प्रभारी अधिकारी (नियमन)नगर विकास न्यास,श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/ 9054 दिनांक :- 27.10.2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी/वाणिज्यिक भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 48 के किला नं. 6 में भूखण्ड संख्या 28 का माप 40'-0" गुणा 70'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमति मंजु पत्नी जयदीप कुमार निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमति मंजु पत्नी जयदीप कुमार निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 48 के किला नं. 6 में भूखण्ड संख्या 28 का माप 40'-0" गुणा 70'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **सचिवनगर विकास न्यास,श्रीगंगानगर**

न्यूज इन ब्रीफ

दीपलाना-नोहर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग

सीमा सन्देश # बरवाली। दीपलाना से नोहर तक की जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रेम एकता मंच के दीपलाना निवासी दयाराम नान्देवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र भेजा है। उन्होंने सरकार से सड़क की जल्द मरम्मत करवाकर ग्रामीणों को राहत देने की मांग की है। दयाराम नान्देवाल ने बताया कि दीपलाना से नोहर तक की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। इसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान नेता सड़क निर्माण को लेकर घोषणाएं तो कर जाते हैं, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस सड़क की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल्द पुनर्निर्माण करवाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

अति संवेदनशील बूथ घोषित, प्रशासन अलर्ट मोड पर

सीमा सन्देश # चारणवासी। आगामी पंचायत आम चुनावों के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिह्नित कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी शुरू कर दी है। फेफाना थाना क्षेत्र के रतनपुरा, फेफाना, जसाना और रामसरा के कई बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। रतनपुरा में बूथ संख्या 36 से 39, फेफाना में 142-144, 148, 149 व 153, जसाना में 162-168 तथा रामसरा में 188-198 को संवेदनशीलता के मद्देनजर चिह्नित किया गया है। राजनीतिक गुटबाजी, भाजपा-कांग्रेस समर्थकों के बीच विवाद की आशंका और हरियाणा सीमा के नजदीक होने के कारण इन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। रतनपुरा में पिछले चुनावों के दौरान भी परिणाम जारी करते समय अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा था। इस बार सोशल मीडिया पर समर्थकों के बीच बढ़ती बयानबाजी को देखते हुए प्रशासन सतर्क है।

फर्जी फोटो से किस्त भुगतान का आरोप, गलत भुगतान की रिकवरी कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग, जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

हनुमानगढ़ : प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताओं के लगाये आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रथम एवं द्वितीय के तहत अनुदान वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा पार्षदों ने गुरुवार को स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने योजना के सभी प्रकरणों की उच्चस्तरीय जांच, गलत भुगतान की रिकवरी और योजना-द्वितीय का लाभ अधिक से अधिक पात्र गरीब परिवारों तक पहुंचाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पात्र परिवारों के बजाय कुछ अपात्र लोगों को अनुदान दिया गया।



स्वीकृत प्रकरणों की उच्चस्तरीय जांच की मांग

भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप ऐरी ने आरोप लगाया कि पूर्व नगर परिषद बोर्ड के कार्यकाल में कुछ पार्षदों, उनके सगे-संबंधियों और रिश्तेदारों को पात्रता नहीं होने के बावजूद योजना का लाभ दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की जांच करवाने की मांग की। भाजपा नेता राकेश मेहन्दीरता ने कहा कि मकान निर्माण पूरा होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मकान पर पीले रंग की 1.5 गुणा 2 फीट की पट्टिका लगाकर लाभार्थी का नाम और अनुदान राशि अंकित की जानी चाहिए।

इसके बाद मकान मालिक के साथ फोटो अपलोड होने पर अंतिम किस्त जारी करने का प्रावधान बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में फर्जी फोटो के आधार पर अंतिम किस्त का भुगतान किया गया। मौके पर भौतिक सत्यापन और दस्तावेजों की जांच से वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-प्रथम में नए मकान के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए तथा मरम्मत के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान दिया जाता था। योजना-द्वितीय में नए मकान के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान है। पार्षद हिमांशु महर्षि ने मांग की कि दोनों योजनाओं के सभी स्वीकृत प्रकरणों में लाभार्थियों की पात्रता, मकान निर्माण, पट्टिकाओं, अपलोड फोटो और भुगतान रिकॉर्ड की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय कमेटी से जांच करवाई जाए। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर गलत भुगतान की रिकवरी की जाए तथा पात्र जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए। इस मौके पर विकास डेडा, मनप्रीत सिंह सैनी, गजेन्द्र राठौड़, पारितोष वाल्मीकि, निखिल जैदिया, श्रवण कुमार, मानवेन्द्र राठौड़ और राजेन्द्र डेडा सहित अन्य पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी मौजूद थे।

नोहर : बाजार में यातायात व्यवस्था को लेकर भी निर्देश जारी

दीपावली पर सजावट, पटाखा बिक्री के लिए 6 नवम्बर से मिलेंगे स्थान

सीमा सन्देश # नोहर।

दीपावली पर्व को देखते हुए नोहर में सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और बाजार व्यवस्था को लेकर नगर पालिका ईओ गिरीराज रतनू की अध्यक्षता में विभिन्न व्यापारिक संगठनों की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गिरिराज रत्नू ने बताया कि श्रीराम वाटिका के पास चिह्नित स्थल पर अस्थायी पटाखा दुकानों की कुल उपलब्धता के आधार पर प्रशासन द्वारा लॉटरी के माध्यम से दुकानें आवंटित की जाएंगी। पटाखा बिक्री के लिए 6 से 8 नवंबर तक तीन दिन के लिए स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। अस्थायी पटाखा लाइसेंस के लिए 29 से 31 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। लाइसेंस की निर्धारित फीस 1,500 रुपए तथा शुल्क के अनुसार 500 रुपए का स्टांप शुल्क देय होगा। दीपावली पर्व पर शहर के प्रमुख चौराहों, मार्गों और सरकारी कार्यालयों पर सजावट की जाएगी। नगर पालिका क्षेत्र में दीपावली पर्व पर विशेष क्षेत्र/बाजार में उत्कृष्ट सजावट करने पर 5,100 रुपए तथा दुकान विशेष में उत्कृष्ट सजावट करने पर 2,100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।



यातायात सुधारने और अतिक्रमण हटाने पर जोर

आगामी स्वतंत्रता दिवस पर प्रशंसा-पत्र प्रदान किए जाने के अनुरूप भी प्रशासन को निर्देश दिए गए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण शुल्क जमा करवाने की जानकारी देते हुए बताया गया कि निर्धारित शुल्क सुविधानुसार मासिक अथवा वार्षिक रूप से पालिका में जमा करवाया जा सकता है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय से 6 से 8 नवंबर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। साथ ही सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सार्वजनिक रास्तों पर अवैध रूप से वाहन पार्किंग करने, सामान रखने या स्टॉल लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने से बचें। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में दीपावली पर्व को भव्य एवं सौहार्दपूर्ण बनाने के साथ शहर में साफ-सफाई बनाए रखने और पर्व की शोभा बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी, हलवाई यूनियन के अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी, मोहन डाबी, त्रिलोक बंसल, रमेश सिंधी, मुकेश बंसल सांवरमल हिसारियाइदि उपस्थित थे।

सनातन संस्कृति अपनाने की जरूरत

अपना व अन्य को जीवन जीने की राह दिखाये



संगरिया। स्थानीय डेरा बाबा कमलदेव में भगवान श्री चंद्र महाराज की 532 वन प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर श्री सदांत सागर ग्रंथ साहिब के साथ अखंड पाठों का प्रकाश किया गया व भोग डाले गए। इस कार्यक्रम में संतकमल देव ने आह्वान किया कि सभी प्राणियों को आज सनातन संस्कृति अपनाने की आवश्यकता है। हम सभी जातिगत भेदभाव से उठकर अपने जीवन में सामाजिक समरसता अपने और स्वयं के व्यवहार से अपना व अन्य को जीवन जीने का राह दिखाएं।

तुलसी के पौधे का वितरण किया

समागम में महंत कृपालदास,महंत चेतनदास, संत हरदेव सिंह संतपुरा, महंत सुखपालदेव इंदरगढ़, दर्शनदास डबवाली, महंत सुखदेव प्रकाश,महंत बलदेव दास व नगरपालिका चेयरमैन सुमन सोनी,भाजपा जिलाध्यक्ष एड प्रमोद डेलू,पार्षद वेद प्रकाश धारणिया,पार्षद रीना महंत,पूर्व चेयरमैन अशोक सिंवर,कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव सोनी को सिरोपाव देकर सम्मानित किया गया। संस्कृति व पर्यावरण सुरक्षा हित में तुलसी पौधों का वितरण किया गया। समागम का संचालन मास्टर हरप्रीत सिंह ने किया। समागम में भाजपा जिला महामंत्री चरणदास गर्ग, भाजपा नगर मंत्री हरीश शर्मा,प्रदीप सिद्धू, पूर्व पार्षद जगदीश सागर,मनोज गुप्ता,जितेंद्र मोहन ऐरी,गगन गोस्वामी, कुलदीप कटारिया,श्यामसुंदर वर्मा,अजय जिंदल,दौलत सिंह मिस्त्री,डॉ बेअंत सिंह,प्रवीण भादू आदि उपस्थित रहे।



करवा चौथ के पर्व पर सामूहिक रूप से कथा का श्रवण करती महिलाएं।

पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 31 से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, 14 नवंबर को मतदान

सरपंच पंच का नामांकन 15 को मतदान 16 नवंबर को

धीरज गोयल

सीमा सन्देश # संगरिया। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के चौथे चरण में संगरिया पंचायत समिति के 19 वार्डों के लिए नामांकन प्रक्रिया 31 अक्टूबर शनिवार से शुरू होगी। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी 31अक्टूबर से 4 नवंबर तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। भरे गए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 नवंबर को होगी जबकि प्रत्याशी 6 नवंबर अपराह्न 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी के बाद बचे हुए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया में प्रत्याशियों की सहायता के लिए उपखंड कार्यालय सभागार में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए मतदान 14 नवंबर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार मोनिका बंसल ने बताया कि पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य की मतगणना 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होगी। इसके बाद पंचायत समिति में प्रधान का चुनाव 27 नवंबर को तथा उपप्रधान का चुनाव 28 नवंबर को कराया जाएगा।



सरपंच एवं वार्ड पंच का चुनाव: सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 नवंबर को होगी। प्रत्याशी सुबह 8 बजे से 11 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा करवा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 11:30 बजे तक होगी और नाम वापसी का समय दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान 16 नवंबर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

छात्राओं को दी गैस सुरक्षा की जानकारी



सीमा सन्देश # टिब्बी। टिब्बी क्षेत्र में गुरुवार को टिब्बी एचपी गैस एजेंसी की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस मौके पर एजेंसी संचालक पुनीत जांगिड़ ने छात्राओं को गैस सिलेंडर, पाइप, रेगुलेटर और गैस चूल्हे के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गैस का उपयोग करते समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। गैस रिसाव की स्थिति में क्या सावधानियां रखनी चाहिए तथा संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए किन सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए, इसके बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य छात्राओं को गैस सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित उपयोग के तरीकों की जानकारी देना रहा। जानकारी देने के बाद छात्राओं को एप्रन एवं गैस पाइप वितरित किए गए। इस एजेंसी स्टाफ में सौरभ धूड़िया, विशाल सिंह गिल, आमिर खान, अंकित वधवा एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

आवेदन आज से

सीमा सन्देश # रावतसर। दीपावली पर्व के मद्देनजर अस्थाई पटाखा लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 अक्टूबर से शुरू होगी। उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा ने संवादाता को बताया कि इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर दोपहर 2 बजे तक एसडीएम कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकेंगे। शनिवार और रविवार को कार्यालय में अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि अधूरे आवेदन अथवा नाबालिग आवेदकों के आवेदन प्रथम दृष्टया अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

महाविद्यालय में किया पौधारोपण



सीमा संदेश # संगरिया। स्वामी केशवानंद महाविद्यालय ग्रामोत्थान विद्यापीठ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप के दौरान चौथे दिन महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य दर्शन सिंह संधू द्वारा पौधारोपण किया गया। ग्रामोत्थान विद्यापीठ संस्था सचिव एडवोकेट सुखराज सिंह सलवारा द्वारा ग्रामोत्थान विद्यापीठ के महिला कर्मचारियों व सुहागिन विद्यार्थीयो को करवा चौथ व्रत के उपलक्ष्य में उनके वैवाहिक जीवन में सुख समृद्धि के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

गोशाला में वार्षिक उत्सव आयोजित, उमड़े गोभक्त

सीमा सन्देश # भादरा। गांव बिराण स्थित श्रीश्री 1008 बाबा चांदीगिरी जी महाराज गौशाला में बुधवार को वार्षिक उत्सव, सम्मान समारोह एवं भंडारे का आयोजन हुआ। हरियाणा के भजन गायक रामधन गोस्वामी व लाडली किरण सैन ने भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर जनकराज पूनिया ने 51 हजार, रणसिंह मिल ने 22 हजार तथा प्रताप सिंह व मुंशीराम ढाका एवं शिवचंद्र व राजेराम झाझड़िया ने 21-21 हजार रुपये का सहयोग दिया। श्रद्धालुओं ने पशुचारे व अन्य सामग्री का भी सहयोग किया। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग सिंह एवं तहसील अध्यक्ष जयवीर सरेवा ने गांव में नई गौशाला खोलने पर 2 लाख 51 हजार रुपये तथा तूड़ी-चारे के सहयोग की घोषणा की। अंत में समिति ने अतिथियों व गोसेवकों को गौमाता के प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

हनुमानगढ़ : राष्ट्रीय डीएवी खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी स्कूल का परचम

खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय डीएवी खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने नेटबॉल, क्रिकेट, भारोत्तोलन, निशानेबाजी, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, रोलर स्केटिंग और तीरंदाजी सहित विभिन्न खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत का परिचय दिया। खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर नेटबॉल में विद्यालय की अंडर-19 छात्र टीम ने स्वर्ण पदक और अंडर-17 टीम ने रजत पदक हासिल किया। क्रिकेट में रस्म शर्मा ने अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।



भारोत्तोलन में प्रांचल ने अंडर-19 वर्ग की 69 किलोग्राम से कम भार श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया। सहजवीर सिंह ने अंडर-14 वर्ग की 88 किलोग्राम से कम भार श्रेणी तथा उदयवीर सिंह ने अंडर-14 बालक वर्ग की 98 किलोग्राम से कम भार श्रेणी में रजत पदक जीते।

विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया

प्रिसदीप कौर ने अंडर-19 वर्ग की 59 किलोग्राम से कम भार श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, छात्र वर्ग की अंडर-19 भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। अन्य खेलों में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। निशानेबाजी में जसविंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक, बैडमिंटन में प्रज्ञा ठकराल ने कांस्य पदक और ताइक्वांडो में वृंदा गुप्ता ने कांस्य पदक हासिल किया। रोलर स्केटिंग में यशदीप चौधरी ने रजत पदक प्राप्त किया।

रावतसर : गाइडर सुषमा सिहाग ने किया हनुमानगढ़ जिले की टीम का नेतृत्व

सीमा सन्देश# रावतसर। राज्य स्तरीय राष्ट्रपति गाइड प्रमाण-पत्र जाँच शिविर में डी.डी. किड्स स्कूल, रावतसर की डायरेक्टर एवं गाइडर सुषमा सिहाग के मार्गदर्शन में हनुमानगढ़ जिले की लगभग 10 बालिकाओं के दल ने सहभागिता की। शिविर का आयोजन राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में 24 से 28 अक्टूबर तक किया गया। शिविर में रावतसर की लक्ष्या चौधरी और भाविका भार्गव ने भी भाग लिया। गाइडर सुषमा सिहाग के मार्गदर्शन में बालिकाओं ने स्काउटिंग की निर्धारित गतिविधियों एवं दक्षता परीक्षणों में सहभागिता की। शिविर के दौरान लॉगबुक, व्यक्तिगत टेस्ट कार्ड, प्राथमिक उपचार, पायनियरिंग तथा सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा से संबंधित दक्षताओं का मूल्यांकन किया गया।



स्काउटिंग में आगे बढ़ने की प्रेरणा

इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों के अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता को परखने का अवसर मिला। गाइडर सुषमा सिहाग ने बताया कि राष्ट्रपति गाइड प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। लक्ष्या चौधरी और भाविका भार्गव की सहभागिता से रावतसर की बालिकाओं को स्काउटिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

करवा चौथ : अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सुहागिनों ने रखा व्रत



हनुमानगढ़


नोहर


तलवाड़ा झील


नोहर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सशक्त नारी संस्थान की ओर से करवा चौथ महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भाग लिया। गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। महिलाओं ने सामूहिक रूप से गीत गाकर और नृत्य कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। संस्थान अध्यक्ष मिताली अग्रवाल ने कहा कि पारंपरिक त्योहार भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विरासत हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को एकजुट करने और नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। रात को चंद्रमा के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला। कार्यक्रम में आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का माहौल रहा।

जंक्शन स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में करवा चौथ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संतोष बंसल और नगर परिषद सभापति मंजू रणवां रहीं। विशेष अतिथि प्रीति तनेजा और सरूची मदान उपस्थित रहीं। आयोजन समिति अध्यक्ष इशा जुनेजा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। आकर्षक परिधानों और सांस्कृतिक गतिविधियों ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। महिलाओं के लिए आकर्षक उपहार भी रखे गए। इशा जुनेजा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम का संचालन इशू जुनेजा ने किया।

तलवाड़ा झील। गांव में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने सुबह स्नान कर सुंदर वस्त्रों में सज-संवरकर पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार चौथ माता की पूजा-अर्चना की और कथा सुनी।

चांद के दीदार के साथ मांगी पति की लंबी उम्र

नोहर। सुहाग और अखंड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुहागिन महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में खुशहाली की कामना के साथ दिनभर निर्जला व्रत रखा। सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना की और व्रत कथा सुनी। पर्व को लेकर महिलाओं ने कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। बाजारों में भी मेहंदी, चूड़ियों, साड़ियों, सौंदर्य प्रसाधनों और पूजा सामग्री की दुकानों पर रौनक रही। महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाकर और पारंपरिक परिधान पहनकर पर्व की खुशियां मनाईं। रात को चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य दिया तथा पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला। करवा चौथ ने पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण के रिश्ते को एक बार फिर खास बना दिया। करवा चौथ को लेकर कस्बे में महिलाओं की अलग-अलग ग्रुपों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

रावतसर : सोलह श्रृंगार से सजकर दी चंद्रमा को अर्घ्य



सीमा सन्देश# रावतसर। पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को करवा चौथ का व्रत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखा। पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर करवा माता की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की। करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार से सजकर पर्व की धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। दोपहर को विधि-विधान के साथ करवा माता की कथा सुनी तथा पूजा-अर्चना कर पति की दीर्घायु और वैवाहिक जीवन में प्रेम एवं विश्वास बनाए रखने की प्रार्थना की। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य अर्पित करने और पति के हाथों जल ग्रहण करने के साथ महिलाओं ने अपना व्रत खोला। करवा चौथ भारतीय संस्कृति में दांपत्य प्रेम, समर्पण और पारिवारिक रिश्तों की मधुरता का प्रतीक है।

इस अवसर पर यह रहे उपस्थित

इस पर्व ने एक बार फिर परंपराओं और पारिवारिक मूल्यों के प्रति आस्था को अभिव्यक्त किया। इस मौके रामामूर्ति नैण, सुमित्रा सोनी, पुष्पा सोनी, मोनू सोनी, रेनू सोनी, भावना राठौड़ , मनोहरी स्वामी,सीता, नीतू ,कंचन सोनी सहित बड़ी संख्या में सुहागिनें मौजूद रही।

संचालिका सुमन मोदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने साझा कीं पर्व की खुशियां

उत्साह और उमंग के साथ हुआ करवा चौथ सेलिब्रेशन

सीमा सन्देश # नोहर। भारतीय संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों में विशेष स्थान रखने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पति की दीर्घायु, दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ महिलाओं ने श्रद्धा और विश्वास से करवा चौथ का व्रत रखा। पर्व के अवसर पर सरिया कला केन्द्र में करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालिका सुमन मोदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन वंशिका गोल्याण ने किया।करवा चौथ भारतीय संस्कृति की उन परंपराओं में से एक है, जो पारिवारिक रिश्तों, आपसी प्रेम और समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करती है। इस पर्व पर विवाहित महिलाएं पूरे दिन व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु और परिवार में सुख-शांति की कामना करती हैं। शाम को चंद्रमा के दर्शन और पूजा-अर्चना के साथ व्रत पूर्ण करने की परंपरा निभाई जाती है। महिलाएं धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ सामूहिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी इस त्योहार को यादगार बनाती हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए सरिया कला केन्द्र में करवा चौथ सेलिब्रेशन आयोजित किया गया।

त्योहार की उमंग का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया

कार्यक्रम में महिलाओं को एक साथ मिलकर त्योहार मनाने, अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने और आपसी मेल-मिलाप बढ़ाने का अवसर मिला। पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। करवा चौथ के पारंपरिक महत्व के साथ इस तरह के आयोजन सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम संचालिका सुमन मोदी के नेतृत्व में आयोजित सेलिब्रेशन में करवा चौथ पर्व की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर ने महिलाओं को अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने और सामूहिक रूप से त्योहार की उमंग का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया। करवा चौथ केवल व्रत और पूजा तक सीमित पर्व नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति प्रेम, विश्वास, समर्पण और मंगलकामना की भावना का भी प्रतीक है। सरिया कला केन्द्र में आयोजित सेलिब्रेशन ने इसी सांस्कृतिक भावना को सामने रखा। पर्व के माध्यम से महिलाओं ने पारंपरिक उत्सव की खुशियों को साझा किया और परिवार में सुख-शांति, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

के.आर. कॉन्वेंट स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित



संगरिया। के.आर. कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय संस्कृति के पावन पर्व करवा चौथ के उपलक्ष्य में एक विशेष सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कक्षा 6 की छात्राओं प्रतिज्ञा और जिया ने बहुत ही सुंदर और प्रभावी स्पीच दी। उन्होंने अपने भाषण में करवा चौथ के पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला इसके पश्चात अध्यापिका शाइना मैडम ने भी इस पर्व की महिमा और भारतीय संस्कृति में पारिवारिक रिश्तों की मजबूती पर अपने विचार रखे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन शर्मा ने करवा चौथ के व्रत और इसके वैज्ञानिक व सामाजिक पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों को हमारी प्राचीन परंपराओं को गहराई से समझने का अवसर मिला। छात्राओं ने अपने अध्यापिकाओं के मेहन्दी लगाकर प्यार प्रदर्शित किया। अंत में, विद्यालय सचिव राजेश गोदारा ने सभी को करवा चौथ के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने पर जोर दिया तथा सभी विद्यार्थियों, स्टाफ और उनके परिजनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी और माहौल बेहद हर्षोल्लासपूर्ण रहा।

महिलाओं ने रखा करवा चौथ का निर्जल व्रत



सीमा सन्देश # चारणवासी। क्षेत्र की महिलाओं ने गुरुवार को पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ करवा चौथ का निर्जल व्रत रखा। वहीं, अविवाहित युवतियों ने भी सुंदर और सुशील वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखा। व्रत रखने वाली महिलाएं सुबह से ही नवविवाहिताओं की तरह सोलह श्रृंगार कर सज-धज कर तैयार हुईं। इसके बाद उन्होंने सामूहिक रूप से बुजुर्ग महिलाओं से अथवा यूट्यूब के माध्यम से चौथ माता की कहानी सुनी। इस दौरान सात प्रकार के अनाज, फल और तांबे के लोटे में जल रखा गया। कहानी सुनने के बाद महिलाओं ने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, परिवार के बड़ों ने महिलाओं को सदा सुहागन व सौभाग्य वती रहने का आशीर्वाद दिया। सूर्य देव को जल अर्पित किया, गाय को रोटी खिलाई और दान-पुण्य किया।

निरीक्षण : किशोर गृह में व्यवस्थाओं की खुली पड़ताल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तनवीर चौधरी के निर्देशन में सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने गुरुवार को राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने किशोर गृह में साफ-सफाई की व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों, बच्चों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन तथा रसोई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए किशोर गृह में बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने किशोर गृह में रह रहे बच्चों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण योजना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा नालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के लिए उपलब्ध करवाई जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण का उद्देश्य किशोर गृह में रह रहे बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा, शिक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेना तथा उनके अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

पानी निकासी के लिए नाला निर्माण की मांग



सीमा संदेश# संगरिया। श्री धनवंतरी गौ सेवा समिति के सदस्यों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव सोनी को ज्ञापन देकर नाला निर्माण करने की मांग की । ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपालिका द्वारा वार्ड 22 व 23 के गंदे पानी निकासी के लिए नाला निर्माण किया गया था। जिसे गोशाला के पास बंद कर दिया गया था। जिससे गंदा पानी ओवर फ्लो होकर गौ शाला में आ जाता है। जिससे गौ शाला में व्यवस्था बिगड़ जाती है और मच्छरों का प्रकोप हो जाता है। इसलिए आगे तक निर्माण किया जाए। इस अवसर पर दुर्गा दत्त गोयल, वजीर चंद मंगला, अमित गर्ग, दीपेश मित्तल पार्षद वेदप्रकाश , शमशेर सिंह चहल , पवन सोमानी, प्रकाश भाट मौजूद रहे।

वन्यजीव संरक्षण के लिए अनिल बिश्नोई को राष्ट्रीय सम्मान



पीलीबंगा। लखासर गांव निवासी वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता अनिल कुमार बिश्नोई को नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय बीएसजी अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन सस्टेनेबिलिटी समारोह में ह्यसस्टेनेबिलिटी चैंपियन-पावर ऑफ वनह्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे पिछले 35 वर्षों से वन्यजीव संरक्षण में जुटे हैं। उनके प्रयासों से 1700 से अधिक घायल एवं अनाथ हिरणों की देखभाल और पुनर्वास किया गया। इसके अलावा उन्होंने 60 से अधिक जलकुंडों की व्यवस्था में योगदान दिया। इससे पूर्व उन्हें 2009 में अमृता देवी विश्नोई पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार और 2021 में अर्थ हीरो अवार्ड भी मिल चुका है।

साइबर ठगी से बचाव के लिए ओटीपी-पिन साझा न करें

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नेहरू मेमोरियल विधि महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत ह्यसुरक्षित डिजिटल जीवन एवं साइबर अपराध से बचावह्ल विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। यूको बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को ओटीपी, पिन व पासवर्ड साझा नहीं करने तथा संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी। सहायक प्रबंधक पंकज कंबोज ने सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सीताराम ने डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रश्नोत्तरी में ध्रुवराज गोदारा, अजय पाल गुर्जर व योगेश अग्रवाल प्रथम रहे।

शोध, नवाचार और रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर विशेष जोर; स्वामी ओम दास महाराज होंगे मुख्य अतिथि, पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग करेंगे अध्यक्षता

श्री खुशाल दास विवि का दीक्षांत समारोह कल, 384 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 31 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। समारोह में 384 विद्यार्थियों को पीएचडी एवं स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की जाएंगी। समारोह की तैयारियों और विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं की जानकारी गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा, कुलपति प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह, डायरेक्टर जनरल एवं सेवानिवृत्त आईजी गिरिश चावला तथा प्रशासनिक अधिकारी एवं सेवानिवृत्त एएसपी विपिन शर्मा ने दी। कुलपति प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह ने बताया कि समारोह में पिछले दो वर्षों के पीएचडी शोधार्थियों तथा एमए एवं बीए के मेडल विजेताओं सहित कुल 384 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और तीन रिसर्च सेंटर स्थापित हैं। संस्थान का मुख्य फोकस शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार पर है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में वाग्भट्ट के नाम से आयुष हॉस्पिटल संचालित है, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर आमजन को भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जाता है।



ये अतिथि रहेंगे मौजूदः प्रशासनिक अधिकारी एवं सेवानिवृत्त एएसपी विपिन शर्मा ने बताया कि समारोह में अखिल भारतीय सांगलिया धूणी, सीकर के पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज मुख्य अतिथि होंगे तथा राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गर्ग अध्यक्षता करेंगे। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री विशेष सम्मानित अतिथि होंगे। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. वैद्य गोविंद सहाय शुक्ला तथा कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलपति डॉ. विमला डुंकवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी, सोलन के प्रो-कुलपति प्रो. डॉ. आरके गुप्ता, अर्जुन पुरस्कार विजेता पैरा एथलीट संदीप सिंह मान, अर्जुन पुरस्कार विजेता संदीप नरवाल, पदक विजेता खिलाड़ी राकेश नरवाल तथा पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. रामावतार मीणा की उपस्थिति भी प्रस्तावित है।

कृषि, खेल और प्लेसमेंट में भी प्रयास

ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की मेहनत और शोध का सम्मान करने के साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं भविष्य की योजनाओं को प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ जुड़कर प्लेसमेंट के प्रयास किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने हाल ही में 50 बीघा भूमि पर जैविक फसलों का उत्पादन किया है। खेलों में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल एवं सेवानिवृत्त आईजी गिरिश चावला ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञान, खेल, अनुसंधान और नवाचार भी जरूरी हैं।

सादुलशहर: बार संघ ने किया एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन



सीमा सन्देश # सादुलशहर

चुनाव शाखा में आरोपित लिपिक को निलंबित कर अन्यत्र भेजने की मांग को लेकर बार संघ सदस्यों ने उग्र प्रदर्शन किया। यही नहीं माइक सिस्टम के साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं आरोपित लिपिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर पहुंचे। यहां बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर की अध्यक्षता में धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि एसडीएम कार्यालय में भ्रष्टाचार खुलेआम है। भोले-भाले किसानों एवं अन्य परिवादियों का छोटे से छोटा सही काम भी बिना पैसे नहीं होता।

बार संघ इसे कतई सहन नहीं करेगा चाहे आंदोलन कितना भी लंबा चलाना पडे चलाएंगे। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र मोदी ने कहा कि बाबू द्वारा जमानत तस्दीक के लिए हजार रूपए मांगना शर्मनाक है। उक्त लिपिक को जब तक निलंबित कर यहां से नहीं भेजा जाता आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन करने वालों में पूर्व अध्यक्ष कपिलेदव पारीक, महेंद्र शर्मा, मणिराम जालप, कुंदनलाल चुघ, मेजर सिंह, एडवोकेट आयुष खीचड, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहगल, करणी सिंह राठौड, दमन शर्मा, सौरभ शर्मा, अभिषेक सहारण, पूनम, मनप्रीत कौर, कंचन सेतिया, प्रदीप हुड्डा, बार संघ के उपाध्यक्ष संत कुमार वर्मा, थावरदास सेठी, कृपाल सिंह, रामकुमार जालवाल, अमित चावला, लाभ सिंह सौलंकी, संजय गरूआ, नरेश गोदारा, विकास गुरिया, मनीष चावला, बलवंत सिंह बुडानिया, जगनंदन सिंह चहल, रामकुमार टांक, हरदीप सिंह मान, अजब खीचड, बृज चौहान, गुरप्रीत सिंह मान, धर्मेंद्र खीचड आदि शामिल हैं।

सादुलशहर: जेडएम क्लब मेंबर दिनेश गोयल सम्मानित



सीमा सन्देश # सादुलशहर

भारतीय जीवन बीमा निगम के सैटेलाइट कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विपणन प्रबंधक, बीकानेर मंडल गुलाब सिंह चौधरी द्वारा जेडएम क्लब सदस्य दिनेश गोयल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

चौधरी ने दिनेश गोयल को पुष्प-गुच्छ व माला पहनाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी जेडएम क्लब सदस्य दिनेश गोयल ने निगम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त किया है। वे जगन्नाथ पुरी, काशी विश्वनाथ, उदयपुर, धर्मशाला, सालासर, देशनोक, मुकाम, बीकानेर, माउंट आबू, पुष्कर, वैष्णो देवी, रणथंबौर, मनाली, नाकोड़ा, खाटू श्याम जी आदि स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मानित हो चुके हैं। उपलब्धि पर सामाजिक कार्यकर्ता संजय जांगिड, एडवोकेट कृष्ण अलीपुरा, व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष कमल गोयल, प्रवक्ता प्रवेश गोयल, कुलदीप गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा आदि ने खुशी का इजहार किया है।

जिले के मूल निवासी गैरी पुरेवाल कनाडा में विधायक निर्वाचित

सीमा सन्देश # रत्तेवाला

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के ग्रामीण अंचल से ताल्लुक रखने



वाले गैरी पुरेवाल (गुरशरण सिंह पुरेवाल) ने कनाडा में जीत दर्ज की है। ब्रिटिश कोलंबिया विधानसभा चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के टिकट पर उतरते हुए उन्होंने सरी-फ्लीटवुड निर्वाचन क्षेत्र से 50.64% मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। सरे-फ्लीटवुड सीट लंबे समय से न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी का अभेद्य गढ़ रही है, जहां से उनके प्रत्याशी पिछले 17 वर्षों में से लगभग डेढ़ दशक (14 वर्ष) तक लगातार विधायक रहे। नवनिर्वाचित विधायक के परिचित डॉ. संदीप सिंह मुंडे ने बताया कि मूल रूप से श्रीगंगानगर के गांव 1 सीसी ढाणी के रहने वाले गैरी पुरेवाल वर्ष 1993 में अपने परिवार के साथ कनाडा शिफ्ट हुए थे। सक्रिय राजनीति में कदम रखने से पहले वे कनाडाई सशस्त्र बलों की मिलिट्री पुलिस रिजर्व में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

विवाद : पानी की बारी लगाते समय तलवारों-लाठियों से किया था हमला, कईयों पर केस दर्ज

भूमि विवाद में जानलेवा हमला : आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाने पर प्रदर्शन किया

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

कृषि भूमि के विवाद को लेकर कल गांव 16 एफएफ के काश्तकारों की ओर से गांव 13 एफएफ माणकसर निवासियों पर जानलेवा हमला किया गया। लाठियों और तलवारों से लैस होकर किए गए इस हमले में गांव मानकसर के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। पुलिस थाना में रणजीत सिंह पुत्र हरिसिंह निवासी 13 एफएफ की ओर से 9 नामजद आरोपियों एवं 15 अन्य पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इसमें गांव 16 एफएफ निवासी बलजिंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, गुरलाल सिंह, इकबाल सिंह, लखविंद्र सिंह,



गुरदेव सिंह, बलकार सिंह, गुरलाभ सिंह, अमृत एवं 15 अन्य के खिलाफ तलवारों और लाठियों से लैस होकर कातिलाना हमला करने का आरोप लगाया गया है। प्रकरण को लेकर गांव माणकसर से पूर्व पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि पतराम मेघवाल, निखिल कंबोज, मदनलाल, दुलीचंद, माइकल कंबोज, बलवीर सिंह, सुंदर सिंह आदि ग्रामीणों ने थाना के समक्ष पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सीआई से मिले लोग, कहा- दो दिन में गिरफ्तारी करो और परेड कराओ : सीआई सीरकौर से मुलाकात कर दो दिनों में कातिलाना हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। शिष्टमंडल ने चेतावनी दी गई है कि अगर पुलिस द्वारा दो दिनों में सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो पुलिस थाना के समक्ष ग्रामीणों को धरना देने पर मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही, गांव 16 एफएफ के मोहन सिंह पुत्र सरदूल सिंह मजहबी सिख पर भी कार्यवाही की मांग की गई है। आरोप लगाया है कि मोहन सिंह ने बाहरी लोगों को हमले में शामिल होने के लिए बुलाया था। तलवारों एवं डंडों से लैस होकर जानलेना हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर बीच बाजार में परेड कराने की मांग भी रखी गई, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति या समूह इस तरह आम लोगों ने तलवारों-लाठियों से लैस होकर हमला करने की हिमाकत ना कर सके।

आरोप- पुलिसकर्मी ने सुनवाई की बजाय पीड़ितों को थाने से भगाया: शिष्टमंडल ने पुलिस थाना में तैनात पुलिसकर्मी रणवीर भादू पर भी कार्यवाही की मांग रखी। आरोप लगाया गया है कि 27 अक्टूबर को मानक निवासी रणजीत सिंह व कुलदीप सिंह कातिलाना हमले की आशंका को व्यक्त करते हुए यहां लिखित शिकायत देने देने पहुंचे, परंतु सुनवाई करने की बजाय उन्हें भगा दिया गया। रणवीर भादू के खिलाफ भी डटकर नारेबाजी की गई एवं उस पर उचित कार्रवाई की मांग की गई।

पंचायत चुनाव में मानकसर आदर्श बूथ, कलक्टर-एसपी ने लिया जायजा

मानकसर: इस बूथ पर वोटरों का बारातियों की तरह होगा स्वागत

सीमा सन्देश # मानकसर

शादी में बारातियों की मनुहार और आवभगत की परंपरा अब लोकतंत्र के महापर्व में भी देखने को मिलेगी। पंचायत चुनाव में मानकसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया जा रहा है। यहां आकर्षक सजावट, सेल्फी पॉइंट और मतदाताओं की सुविधा के विशेष इंतजाम होंगे। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव और एसपी हरिशंकर ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) लेखराम से मतदान केंद्र पर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सफाई, मतदाताओं की आवाजाही और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। सूरतगढ़ एसडीएम भरत जयप्रकाश मीणा से कानून-व्यवस्था, पुलिस



जाब्ते की तैनाती और मतदान के दौरान सुरक्षा इंतजामों के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान सदर थाना सीआई रामकुमार लेघा भी मौजूद रहे।

सेल्फी पॉइंट, व्हीलचेयर की सुविधा: मतदान केंद्र पर मतदाताओं के स्वागत के लिए आकर्षक सजावट की जाएगी। सेल्फी पॉइंट के साथ वोटर असिस्टेंस बूथ बनाया जाएगा, जहां मतदान संबंधी जानकारी और सहायता मिलेगी। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर और जरूरत के अनुसार सहायता की व्यवस्था की जाएगी।

तीन नवंबर को जिला परिषद-पंचायत समिति के चुनाव: विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा बवेजा ने बताया कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं के स्वागत और सुविधाओं को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 3 नवंबर तथा पंच-सरपंच के लिए 5 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

जैतसर: कलक्टर-एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



सीमा सन्देश# जैतसर। पंचायत चुनाव को लेकर श्रीगंगानगर जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर ने गुरुवार को श्रीविजयनगर उपखण्ड अधिकारी के साथ क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मतदान केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में नियुक्त कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की भी जानकारी ली। श्रीविजयनगर उपखण्ड अधिकारी साक्षी पूरी ने बताया कि गुरूवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर यादव अति संवेदनशील श्रेणी के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होने कस्बे के राजकीय श्रद्धानंद आर्य उच्च माध्यमिक विद्यालय में बने मतदान केन्द्र पर का निरीक्षण किया एवं बीएलओ अशोक जीनगर व उपतहसीलदार अंकित गोदारा से मतदान केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में नियुक्त होने वाले कार्मिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। जिसके बाद जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी श्रीविजयनगर साक्षी पूरी को उपखण्ड क्षेत्र के समस्त अति संवेदनशील एवं संवेदनशील श्रेणी के समस्त मतदान केन्द्रों पर गंभीरता से निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे।

पंचायत चुनाव: 56 एफ व मोटासर खूनी में निकाला फ्लैग मार्च



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

पंचायती राज चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। गजसिंहपुर थाना पुलिस की ओर से 56 एफ एवं मोटासर खूनी गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाधिकारी अमन घनघस के नेतृत्व में पुलिस के संपूर्ण स्टाफ ने फ्लैग मार्च में भाग लिया। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।

सफाई प्रतियोगिता : ग्राम पंचायत कीकरवाली मे दीपावली पर्व के आगमन को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से इस बार भी सफाई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी सात घटकों को पूरा करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

नूरपुरा में निकाला फ्लैग मार्च



सादुलशहर। पंचायत राज चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के लिए सादुलशहर पुलिस ने गुरुवार को गांव नूरपुरा में फ्लैग मार्च निकाला। यही नहीं थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह ने गांव के दुकानदारों एवं अन्य ग्रामीणों से भय मुक्त होकर शांतिपूर्वक मतदान करने को कहा। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। चुनाव के मद्देनजर लाइसेंसधारकों को तुरंत असला पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस दौरान एसआई शंभू दयाल स्वामी, राकेश कुमार मौजूद थे।

ईंट भट्टा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा व पोषण हेतु मिला 'इंडिया चाइल्डकेयर चैंपियन अवार्ड 2026'

श्रीविजयनगर के नागपाल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर



क्षेत्र के ईंट उद्योग संचालक दिनेश नागपाल को भट्टा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, पोषण और प्रारंभिक बाल विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में हुए समारोह में उन्हें ह्यइंडिया चाइल्डकेयर चैंपियन अवार्ड 2026ह्ल प्रदान किया गया। यह सम्मान ह्यराम राम सा ईंट उद्योगह्ल और ह्यउरमूल खेजड़ी संस्थानह्ल के संयुक्त प्रयासों को मिली राष्ट्रीय पहचान है। आयोजकों के अनुसार, देशभर से प्राप्त 140 से अधिक नामांकनों में से चयन के बाद उन्हें यह पुरस्कार ह्यनेशनल फोर्सेसह्ल, ह्यमोबाइल क्रेचेसह्ल, ह्यग्लोबल अलायंस फॉर केयरह्ल और ह्यमैश प्रोजेक्ट फाउंडेशनह्ल की ओर से अंतरराष्ट्रीय देखभाल एवं सहायता दिवस की पूर्व संध्या पर दिया गया। दिनेश नागपाल ने उरमूल खेजड़ी संस्थान के सहयोग से अपने ईंट भट्टे पर कार्यरत प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए विशेष शिक्षा एवं विकास केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र के माध्यम से हर साल लगभग 50 बच्चों को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके पोषण और स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है। प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए भट्टा परिसर में ही सुरक्षित और शिक्षाप्रद वातावरण उपलब्ध कराने की यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। समारोह में विशेषज्ञों और जूरी सदस्यों ने इस पहल को औद्योगिक क्षेत्रों में बाल अधिकारों और प्रारंभिक बाल विकास को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायक मॉडल बताया। इस राष्ट्रीय सम्मान से श्रीविजयनगर क्षेत्र का गौरव बढ़ा है और यह उपलब्धि उद्योग जगत में सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण है।

आस्था | गांवों में भी करवा चौथ का उत्साह, सुहागिनों ने की जमकर खरीदारी, पति की लंबी उम्र के लिए रखा उपवास

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया करवा चौथ का त्यौहार

सीमा सन्देश # पदमपुर



पदमपुर



घड़साना



जानकीदावाला



गजसिंहपुर

सुहागिन महिलाओं ने एक दिन पहले हाथों में पिया की मेहंदी सजाकर और करवा चौथ पर जमकर खरीदारी करने के साथ सज-धज कर अपने पति की लंबी आयु के लिए उपवास करते हुए मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों पर बुजुर्ग व विद्वानों से कथा सुनी और युग-युग जिए मेरा सांवरिया की प्रार्थना परमात्मा के आगे नतमस्तक होकर की। पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते की डोर को मजबूती प्रदान करता करवा चौथ का पर्व गुरुवार को सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर भारतीय संस्कृति की मजबूत कड़ी बनकर उत्साहजनक वातावरण में व्रत, पूजा-अर्चना का कार्य किया तथा बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी खुशियों का इजहार किया। श्री दुर्गा मंदिर, राम मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, श्री हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से देर रात तक सुहागिनों ने हाथों में पूजा सामग्री की थाली लेकर श्रद्धाभाव से एक साथ बैठकर सामूहिक पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर कहा– युग-युग जिए मेरा पिया। वहीं, ऐसे पुरुष भी थे जिन्होंने वैवाहिक जीवन की खुशहाली के लिए अपनी-अपनी पत्नियों के साथ व्रत रखते हुए कहा कि वास्तव में यह पर्व आपसी प्रेम संबंधों में मधुरता को और नजदीक लाता है। करवा चौथ का वास्तविक संदेश दिनभर भूखे रहना ही नहीं, अपितु यह है कि नारी अपने पति की प्रसन्नता के लिए, सलामती के लिए इस हद तक जा सकती है कि पूरा दिन भूखी-प्यासी भी रह सकती है। करवा चौथ नारी के लिए एक व्रत है और पुरुष के लिए एक शर्त।

जानकीदासवाला। क्षेत्र में गुरुवार को महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। बुजुर्ग महिलाओं से करवा चौथ की कहानी सुनी। व्रत खोलने के लिए देर शाम चांद के दीदार का इंतजार भी किया गया।

कीकरवाली। क्षेत्र के गांवों में गुरुवार को सौभाग्यवती महिलाओं ने परिवार की खुशहाली एवं पति की लम्बी आयु के लिए करवा चौथ का उपवास रखा। समूह में बैठकर करवा चौथ की कथा सुनी। रात्रि को चन्द्रोदय होने पर जल अर्पित कर करवा चौथ का व्रत का पारण किया गया।

घड़साना। सुहागिनों के साल में एक बार आने वाले करवा चौथ के व्रत को रखकर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु की कामना की पूरा दिन भूखी रहने के बाद शाम को कथा सुनकर चंद्रमा उदय होने के बाद उसे एक लोटा जल चढ़कर पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोला। सुहागिनों के लिए इस व्रत का बहुत महत्व है । महिलाएं दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को सज धज कर पूजा कर अपने पति का चेहरा देखती हैं ।इस वक्त में महिलाएं पूरा दिन पानी भी नहीं पीती और ना ही कुछ खाती है। यह व्रत बहुत कठिन होने के बाद भी महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा के लिए रखती है।

गजसिंहपुर। कस्बे में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। पति की दीघार्यु एवं सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की तथा करवा चौथ की कथा सुनकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन



सादुलशहर। आयुष शाक्य के जन्मदिन पर पापा-मम्मी भूप शाक्य-सविता, बहन कृतिका, दादी हरप्यारी देवी, ताया कृष्ण, ओमप्रकाश, सूरजपाल, नाना श्रीकृष्ण की ओर से बधाई।

न्यूज इन ब्रीफ

श्री श्याम बाबा का जागरण कल

सादुलशहर। मोरजंडखारी के पंजाब आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 31 अक्टूबर शनिवार रात्रि नौ बजे श्री खाटू श्याम का जागरण करवाया जाएगा। निदेशक डॉ. मोहित अरोडा, डॉ. पल्लवी अरोड ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दौरान श्याम बाबा के भजन एवं कीर्तन, जागरण संपन्न होगा। इससे पूर्व आठ बजे भंडारा भी लगाया जाएगा।

श्रीकरणपुर: रेलवे फाटक आज बंद रहेगा

श्रीकरणपुर। उत्तर पश्चिम रेल श्रीकरणपुर- केसरीसिंहपुर के मध्य रेलवे समपार फाटक सं. एलसी 8 किमी 102/08-09 (ओएचई) पर ट्रैक की मरम्मत करवाने हेतु गेट को रोड, ट्रैफिक के लिए 30 अक्टूबर को बन्द किया जाएगा।सीनियर सै. इंजीनियर रायसिंहनगर ने बताया कि यहां बीसीएम मशीन का संचालन किया जाना है, जिसके चलते तीस अक्टूबर सुबह 8 बजे से शाम को 60 बजे तक फाटक बन्द किया जाना प्रस्तावित है।

रोशनलाल के निधन पर शोक व्यक्त

सादुलशहर। वार्ड नंबर 14 निवासी टेलर रोशनलाल (65) के



निधन पर शोक व्यक्त किया जा रहा है। निधन पर विधायक गुरवीर सिंह बराड, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, संजय जांगिड, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, पूर्व पार्षद संजीव खीचड, श्रमिक नेता सुभाष चंद्र, तरूण होटला, हरीश होटला, सीटू यूनियन के अध्यक्ष महेश खंडा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ It is for general information that I, Shahroz Khan S/O Kifayat Khan, R/O Tapookra, PO: Tapukara, DIST: Alwar, Rajasthan- 301707, declare that name of mine my wife and my minor son have been Wrongly written as Shahroj, Tarannum and Sufiyan in my minor son namely Sufiyan Khan aged 14 years in his School record .The actual name of mine, my wife and my minor son are Shahroz Khan Tarannum Praveen, and Sufiyan Khan, respectively which may be amended accordingly.

■ It is for general information that I Naveen Kumar S/O: Singh Raj, R/O ward no 2: Ward no.3, Village Khandwa, District: Jhunjhunun, P.O.: Khandawa, Rajasthan, 333502, declare that name of my mother has been wrongly written as Rajbala devi in my10th class educational documents.The actual name of my mother is RAJBALA ,respectively which may be amended accordingly.

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

पहले टच स्क्रीन मैकबुक प्रो में 10 साल बाद लौटा चमकने वाला एप्पल लोगो



एप्पल अपने नए मैकबुक प्रो में 2016 से हटाया गया चमकने वाला लोगो वापस लाया है। नए मॉडल में पहली बार टच स्क्रीन, OLED डिस्प्ले, M5 प्रो और M5 मैक्स चिप दी गई जबकि स्क्रीन की अधिकतम चमक 2,000 निट्स है। एप्पल के मुताबिक, लैपटॉप की बैटरी एक बार चार्ज करने पर 24 घंटे तक चल सकती है।

मिडल ईस्ट तनाव के कारण 2026 तक ग्लोबल कमोडिटी कीमतें 23% बढ़ेंगी: विश्व बैंक



विश्व बैंक की 'कमोडिटी मार्केट्स आउटलुक' रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में वैश्विक कमोडिटी कीमतें 23% बढ़ सकती हैं। मिडल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा की कीमतें चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं जबकि अनाज की आपूर्ति में रुकावट और 'अल नीनो' के कारण खाद्य असुरक्षा के और गंभीर होने का खतरा बढ़ गया है।

तस्वीर में दिखा चीन का बेहद गोपनीय अंतरिक्ष विमान, पृथ्वी पर गिरा रहा है रहस्यमयी वस्तुएं



अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में चीन के गोपनीय अंतरिक्ष विमान की अबतक की सबसे स्पष्ट सार्वजनिक तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में विमान का निचला हिस्सा दिखाई दिया। दोबारा इस्तेमाल होने वाला यह अंतरिक्ष यान पिछले छह वर्षों में पृथ्वी की निचली कक्षा में कई बार अज्ञात वस्तुएं छोड़ चुका है। सरकारें और निजी कंपनियां इस पर नजर रख रही हैं।

उम्र बढ़ने के बाद खुद को फिर जवान कर लेता है यह जीव, 4 बड़ी बीमारियों के इलाज की उम्मीद



वैज्ञानिकों को 'अमर जेलीफिश' में ऐसी प्रक्रियाएं मिली हैं जिनसे यह उम्र बढ़ने के बाद खुद को जवान कर सकती है। ट्रांसडिफरेंशिएशन से इसकी कोशिकाएं अवस्था में लौट सकती हैं जबकि डीएनए रिपेयरिंग नुकसान ठीक करने में मदद करती है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इससे हार्ट-अटैक, स्ट्रोक, अल्जाइमर और आंखों की बीमारियों के इलाज में मदद मिल सकती है।

सड़क पर बिछेगा 24 कैरेट सोना, दुबई में इस साल तैयार होगा दुनिया का सबसे लंबा 'गोल्ड वॉकवे'



दुबई में दुनिया का पहला और सबसे लंबा 24-कैरेट सोने का वॉकवे बनाया जाएगा जो 2026 के अंत तक खुल सकता है। दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ निदेशक राशिद अल हरमूदी के मुताबिक, इस आकर्षण के अगले दो महीनों में खुलने की उम्मीद है। हालांकि, इसकी लंबाई, लागत और उद्घाटन की सटीक तारीख की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई।

रणबीर कपूर की 'रामायण' का पाकिस्तान में खुमार, हिंदू मंदिरों में लगे फिल्म के पोस्टर



अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' का क्रेज पाकिस्तान तक पहुंच गया है। कराची के हिंदू मंदिरों में फिल्म के पोस्टर लगाए गए हैं। एक वीडियो में वहां की हिंदू कम्युनिटी रणबीर, साई पल्लवी और निर्देशक नितेश तिवारी को शुभकामनाएं देते और फिल्म के ऑस्कर जीतने की उम्मीद जताते दिखी। फिल्म 5 नवंबर को दिवाली पर रिलीज होगी।

फ्लावियो बोल्सोनारो ने अमेरिका से खुद को बताया असली राष्ट्रपति



ब्राजील में लूला दा सिल्वा से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद अमेरिका पहुंचे सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो ने खुद को ब्राजील का असली राष्ट्रपति घोषित किया। फ्लावियो बोल्सोनारो ने कहा कि वे अमेरिका से विपक्ष का नेतृत्व करेंगे। फ्लावियो ने देश छोड़कर भागने पर कहा कि वे राजनीतिक उत्पीड़न से बचने के लिए ब्राजील से बाहर आए हैं।



मरवंथे बीच : सागर-नदी के बीच का अद्भुत संगम

कर्नाटक के उडुपी ज़िले में कुंदापुरा के पास स्थित मरवंथे बीच देश के सबसे खूबसूरत और अनोखे तटीय रास्तों में गिना जाता है। यहाँ से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 66 (एनएच 66) एक बेहद संकीर्ण प्राकृतिक जमीनी पट्टी पर बना है। इस मार्ग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके एक तरफ लहरें मारता हुआ अरब सागर है और ठीक दूसरी तरफ शांत बहने वाली सौपर्णिका नदी। सूर्यास्त के समय यहाँ का नजारा बेहद मनमोहक होता

वनडे फॉर्मेट में गिल के साथ श्रेयस अय्यर भी बनाए गए कप्तान; आखिरी दो वनडे मैच में अय्यर संभालेंगे कमान

गिल ने नेट्स पर तैयारी शुरू की:न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 नवंबर से वनडे सीरीज, रोहित-कोहली की वापसी; राहुल-गुरनूर भी जुड़े

ऑकलैंड में गुरुवार को भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने नेट्स पर अभ्यास किया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज 4 नवंबर से ईडन पार्क में शुरू होगी। विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार भी भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। इस सीरीज से सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वनडे टीम में वापसी होगी। इस समय टीम इंडिया काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

गिल को आखिरी दो वनडे मैच से आराम दिया गया

वनडे फॉर्मेट में गिल के साथ-साथ श्रेयस अय्यर भी कप्तान बनाए गए हैं। गिल शुरूआती तीन वनडे में कप्तानी करेंगे। वहीं, आखिरी दो वनडे में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। इस दो मैचों के दौरान टेस्ट की तैयारी के लिए गिल के साथ उप कप्तान केएल राहुल को आराम दिया जाएगा।



टेंपल डिवाइस पहने दिखे शुभमन गिल

गिल ने अभ्यास के दौरान माथे पर 'टेंपल' नाम का फिटनेस ट्रैकिंग डिवाइस पहना था। उन्होंने बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक से बातचीत भी की। इसके बाद गिल नेट्स पर बल्लेबाजी करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने करीबी दोस्त और भारत के टी-20 ओपनर अभिषेक शर्मा से भी बातचीत की। अभिषेक ने वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में 38 गेंदों पर 113 रन बनाए थे। भारत ने 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए यह मैच जीता था। टी-20 सीरीज में भारत ने 3-0 की अजेय बढ़त बना रखी है।

राहुल और ईशान ने भी किया अभ्यास ग्रोइन की चोट से उबर रहे ईशान किशन और केएल राहुल ने भी नेट्स पर बल्लेबाजी की। वनडे सीरीज के बाद भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। यह सीरीज 19 नवंबर से शुरू होगी और गिल इसमें भारत की कप्तानी करेंगे।

मिया ने नाओमी को पैन पैसिफिक ओपन से किया बाहर

टोक्यो (वार्ता) स्लोवाकिया की मिया पोहांकोवा ने गुरुवार को पैन पैसिफिक ओपन के दूसरे दौर में मेजबान जापान की नाओमी ओसाका को हराकर टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। आज यहां खेले गये राउंड ऑफ 16 मुकाबले में स्लोवाकिया की 18 वर्षीय वाइल्ड-कार्ड प्रविष्टि मिया पोहांकोवा ने पूर्व विश्व नंबर-1 नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हरा दिया। ओसाका को 2025 की जूनियर विंबलडन टेनिस चैंपियन मिया पोहांकोवा के हाथों 95 मिनट में 6-3, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा।



रेसलर काजल ढोचक का वर्ल्ड चैंपियनशिप में रिकॉर्ड

मेडल जीतने वाली पहली भारतीय हैवीवेट रेसलर

भारतीय रेसलर काजल ढोचक ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियन में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में हैवी वेट कैटेगरी का मेडल जीतने वाली पहली भारतीय रेसलर बन गई हैं। 76 किलोग्राम के फाइनल में 18 साल की काजल को यूक्रेन की अनास्तासिया अल्पीयेवा ने 8-6 से हराया। काजल के अलावा, नीलम सिरोही को भी सिल्वर मिला।

कजाकिस्तान के अस्ताना में 26 साल की नीलम 50 किलोग्राम के फाइनल में जापान की युई सुसाकी से पिन-फॉल के आधार पर हार गईं।

पहली बार एक एडिशन में 2 भारतीय महिला पहलवान फाइनल में पहुंचीं : भारत ने सीनियर वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार एक ही एडिशन में भारत की 2 महिला पहलवानों ने फाइनल तक का सफर तय किया। इससे पहले 2021 में ओस्लो में हुई चैंपियनशिप में अंशु मलिक ने सिल्वर मेडल जीता था।

सेमीफाइनल में मेदेत को 10-7 से हराया

काजल पहली बार सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेल रही थीं। फाइनल से पहले सेमीफाइनल में उन्होंने किर्गिस्तान की ऐपेरी मेदेत क्यजी के खिलाफ 1-7 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 10-7 से जीत दर्ज की। काजल अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियनशिप में 2 बार गोल्ड मेडल भी जीत चुकी हैं।



आखिरी 20 सेकंड में हारीं काजल

76 किलो के फाइनल में काजल का सामना यूक्रेन की अनास्तासिया अल्पीयेवा से हुआ। पहले पीरियड के बाद काजल 1-3 से पीछे थीं। उन्होंने दूसरे पीरियड में वापसी की और स्कोर 4-4 कर दिया। मैच खत्म होने से करीब 20 सेकंड पहले अल्पीयेवा ने दांव लगाकर 4 अंक हासिल किए और 8-4 की बढ़त बना ली। काजल ने आखिरी पलों में 2 अंक जुटाए, लेकिन मुकाबला 6-8 से हार गईं।

मुंबई इंडियंस से अलग हुए मलिंगा

आईपीएल में 15 सीजन फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे



मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 से पहले अपने कोचिंग स्टाफ 3 और बड़े बदलाव किए हैं। टीम ने लंबे समय तक टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा, बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिन्सन को हटा दिया है। मलिंगा 11 सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खेले। वे 2008 से 2017 तक टीम के मुख्य गेंदबाज रहे। फिर 2018 में फ्रेंचाइजी ने उन्हें बॉलिंग मेंटर बनाया। फिर 2019 में उन्होंने खिलाड़ी के तौर पर टीम में वापसी की। इसके बाद वे पिछले 3 सीजन तक बॉलिंग कोच रहे। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मुंबई ने अभी तक इन तीनों के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। इससे पहले फ्रेंचाइजी ने महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड को हेड कोच बनाया था।

जोकोविच ने कड़े संघर्ष में हम्बर्ट को हराया, ट्यूरिन की रेस में बने



बासेल (वार्ता) नोवाक जोकोविच ने बुधवार दोपहर स्विस इंडोर्स बासेल में साल के अंत की अपनी महत्वपूर्ण चुनौती की शुरूआत की। उन्होंने कड़े संघर्ष के बाद फ्रांस के बाएं हाथ के खिलाड़ी ह्यूगो हम्बर्ट को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। 2011 के बाद पहली बार इस एटीपी 500 इवेंट में खेल रहे जोकोविच को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, 39 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरकार अपनी लय हासिल की और जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत की। अब जोकोविच का सामना जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा, जिन्होंने अपने ही देश के यानिक हनफमैन को 6-4, 6-3 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखी है।

कर्नाटक ने त्रिपुरा को पारी और 116 रनों से हराया

मैसूरु (वार्ता) अवनीश्वर गौतम (100) की शतकीय पारी के बाद श्रेयस गोपाल (पांच विकेट), विजयकुमार वैशक और मानवंत कुमार (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में त्रिपुरा को पारी और 116 रनों से करारी शिकस्त दी। आज यहां त्रिपुरा ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 98रन से आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में वैशक ने परवेज सुल्तान (14) रन को आउट कर त्रिपुरा को चौथा झटका दिया। 50वें ओवर में वैशक ने श्रीदम पॉल (50) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद त्रिपुरा का कोई भी बल्लेबाज कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। मणिशंकर मूरासिंह (आठ) और सेंतु सरकार (15) को मानवंत कुमार ने आउट किया।

फर्ग्यूसन आखिरी दो टी-20 से बाहर फिशर टीम में शामिल



न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के आखिरी 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके दाएं पैर की पिंडली में चोट लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को बताया कि मैट फिशर को टीम में शामिल किया गया है। सीरीज का चौथा मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा। फर्ग्यूसन को यह चोट 24 अक्टूबर को दूसरे मैच के दौरान लगी थी। स्कैन में मामूली खिंचाव की पुष्टि हुई है। उन्हें वापसी में करीब एक सप्ताह और लग सकता है।

कैरी ने 80 रन बनाए; हार्मर को 4 और यानसन को 3 विकेट

तीसरा टेस्ट; ऑस्ट्रेलियाई पहली पारी 429 पर ऑलआउट, इंग्लिस का शतक

साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया 429 रन पर ऑलआउट हो गई। जोश इंग्लिस ने 102 रन की पारी खेली, जबकि एलेक्स कैरी ने 80 और कैमरन ग्रीन ने 65 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने 4 और मार्को यानसन ने 3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 100 रन की बढ़त मिली।

इंग्लिस की कैरी के साथ 185 रन की साझेदारी : ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने 135 गेंदों पर 102 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 2 छक्के लगाए। इंग्लिस ने एलेक्स कैरी के साथ पांचवें विकेट के लिए 185 रन जोड़े। कैरी ने 168 गेंदों पर 80 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके शामिल रहे।



तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका 370 रन के स्कोर पर लगा, जब इंग्लिस साइमन हार्मर की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद कैरी भी 379 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। कप्तान पैट कमिंस खाता नहीं खोल सके। मिचेल स्टार्क ने 11 रन बनाए। कोनोली और नाथन लायन ने टीम को 400 रन के पार पहुंचाया। साउथ अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 104 रन देकर 4 विकेट लिए।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

सरकार से नफरत है तो राजनीति मे आइए, चुनाव लड़िए और जनादेश लेकर दिखाइए। कैमरे के सामने सरकार को कोसना आसान है, जनता के सामने वोट मांगना मुश्किल। अभिनेता होने से देशभक्ति का ठेका नहीं मिल जाता। - **पुनीत इस्सर**

न्यूज इन ब्रीफ

सड़क हादसे में दो की मृत्यु

झुंझुनू। जिले के चिड़ावा थाना क्षेत्र में एक थार गाड़ी की टक्कर से मोटर साइकिल पर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। राजेश सैनी (45), ओमप्रकाश सैनी (58) और अशोक कुमार मोटरसाइकिल से सुलताना का बास से कोपरिया कुआं जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही थार गाड़ी ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। अशोक की हालत गम्भीर है।

हेरोइन तस्करी का फाइनेंसर काबू

सोनभद्र। जिले में चोपन थाना पुलिस ने बड़े पैमाने पर हो रही हेरोइन तस्करी में वित्तीय सहायता की व्यवस्था कराने के मामले में बाराबंकी जिले से एक वांछित अभियुक्त मोहम्मद वकील को गिरफ्तार कर लिया है। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर पांच हेरोइन तस्करों की गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से एक किलो 204 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। उनसे पूछताछ के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

सेना की शराब बेचते गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने नकली होलोग्राम और स्टिकर लगाकर सेना की शराब बेचने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मातावाला बाग क्षेत्र में कार्रवाई कर वाहन से 87 बोतल अवैध शराब बरामद की। तलाशी में 1048 रेपर, स्टिकर, ढक्कन, सीलिंग व पैकिंग सामग्री भी मिली। आरोपियों ने हरियाणा से सस्ती शराब लाकर उस पर डिफेंस और उत्तराखंड के नकली लेबल लगाने की बात कबूली है।

पत्नी की याद में जहर खाया

बरेली। किला क्षेत्र के चाहबाई निवासी सूरज कश्यप ने करवाचौथ के दिन पत्नी की याद में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। सूरज की पत्नी कमलेश की दो साल पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह कैटरिंग का काम करता है और तीन बच्चों की जिम्मेदारी संभाल रहा है।

शिवसेना नेत्री का इस्तीफा

मुंबई। ठाणे की शिवसेना नेता और पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे ने जिला महिला प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है। यह कदम शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रदीप पूर्णेकर हत्याकांड में पुलिस पूछताछ के दो दिन बाद उठाया गया। शिंदे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर आरोपों को दुर्भावनापूर्ण बताया। मामले में उनके और पति राजेंद्र पर आरोप लगे हैं, हालांकि दोनों ने इन्हें खारिज किया है। एसआईटी पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर जांच कर रही है।

एमनेस्टी स्कीम दिसम्बर तक बढ़ी

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 की अवधि तीन महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 तक कर दी है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, इससे नियोक्ताओं और बीमाकृत व्यक्तियों को लंबित मामलों के निपटारे का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। इस योजना के तहत वास्तविक अंशदान और ब्याज जमा कर बिना जुर्माने के विवाद सुलझाए जा सकेंगे। इसका उद्देश्य अदालती मामलों का बोझ घटाना और कारोबार सुगमता बढ़ाना है।

रत्नू के घर चोरी करने वाले काबू

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने प्रसार भारती के रिटायर्ड अधिकारी केके रत्नू के घर हुई चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी विक्रम मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 1200 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर चोरी की ज्वेलरी, चांदी व विदेशी घड़ियां बरामद कीं।

मार्च-मई 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान; प्रथम स्थान पर 11 हजार और द्वितीय पर 5100 रुपए मिलेंगे

ओपन बोर्ड की 351 प्रतिभाओं को एकलव्य-मीरा पुरस्कार, जिले से 9 विद्यार्थियों का चयन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

घर बैठे 10वीं-12वीं की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के हौसलों को नई उड़ान देते हुए राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल ने मार्च-मई 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों के लिए 'एकलव्य' व 'मीरा' पुरस्कार की घोषणा कर दी है। जिला स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले कुल 351 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए किया गया है। जिसके तहत स्टेट ओपन स्कूल प्रशासन ने इस संबंध में सभी संदर्भ प्रभारियों और चयनित अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। पात्र विद्यार्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजकर सूचित कर दिया गया है। बता दें कि छात्रों को एकलव्य पुरस्कार जबकि छात्राओं को मीरा पुरस्कार प्रदान किया जाता है

जिले में मीरा व एकलव्य पुरस्कार के लिए चयनित नौ विद्यार्थियों में मनीष, विजय प्रकाश मीना, अर्शदीप कौर मल्लिकारानी, गगनदीप सिंह, मोहित कुमार, रवींद्र सिंह, पूनम और वंदना को चयनित किया गया है। इसमें सर्वाधिक 80.8 फीसदी अंक पूनम ने प्राप्त किए हैं।

दस्तावेजों के लिए नहीं काटने होंगे दफ्तर के चक्कर : इस बार पुरस्कार की पूरी प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी और डिजिटल बनाया गया है। संदर्भ प्रभारियों (सेंटर इंचार्ज) को अब विद्यार्थियों के दस्तावेज ऑफलाइन या डाक द्वारा जयपुर मुख्यालय भेजने की जरूरत नहीं होगी। वे केवल अपने पोर्टल पर आवेदन का स्टेटस देख सकेंगे। इससे छात्र-छात्राओं को अपने पुरस्कार और सम्मान पत्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

फैक्ट फाइल

मीरा पुरस्कार में चयन = 4
एकलव्य पुरस्कार में चयन = 5
प्रथम स्थान की राशि = 11000
द्वितीय स्थान पर राशि = 5100

इनका कहना है



आरएसओएस के मीरा और एकलव्य पुरस्कार के लिए चयनित विद्यार्थी को अपनी एसएसओ आईडी से एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सारी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी रहेगी। अभ्यर्थी का बैंक खाता जनाधार से लिंक होना अनिवार्य है। पुरस्कार राशि सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। - **भूपेश शर्मा, प्रभारी अधिकारी, नोडल संदर्भ केंद्र, आरएसओएस, श्रीगंगानगर**

प्रधानमंत्री मोदी की सादगीपूर्ण जीवनशैली: शिक्षा, खानपान, योग व उनका अनुशासित दैनिक जीवन

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनीतिक व्यस्तता के साथ अपनी सादगीपूर्ण और अनुशासित जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। वडनगर से स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने दिल्ली और गुजरात विश्वविद्यालयों से राजनीति विज्ञान में डिग्री हासिल की। खानपान में वह खिचड़ी और मोरिंगा पराठे जैसे सादे शाकाहारी व्यंजन पसंद करते हैं। सुबह की शुरूआत योग, प्राणायाम और टहलने से करने वाले मोदी व्यस्त कार्यक्रम के बीच भी सादगी, अनुशासन और धार्मिक उपवास का पालन करते हैं।

वडनगर से दिल्ली तक शिक्षा का सफर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रारंभिक शिक्षा गुजरात के वडनगर में हुई। उन्होंने वर्ष 1967 में स्कूल शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की। चुनावी हलफनामों के अनुसार, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री वर्ष 1978 में हासिल की। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री वर्ष 1983 में प्राप्त की।



शाकाहारी भोजन और सादा पसंद

नरेंद्र मोदी शाकाहारी हैं और सादा भोजन पसंद करते हैं। उन्होंने कई अवसरों पर बताया है कि उन्हें खिचड़ी काफी पसंद है। शुरूआती दिनों में वह स्वयं खाना भी बनाया करते थे। उनके पसंदीदा व्यंजनों में खिचड़ी, पोहा और सहजन की पत्तियों से बने पराठे (मोरिंगा पराठे) का भी उल्लेख किया जाता है। हालांकि, उन्होंने कभी किसी तय डाइट प्लान का पालन करने की बात नहीं कही है। उनका मानना है कि उपलब्ध और सादा भोजन ही पर्याप्त है।

योग और अनुशासित दिनचर्या पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी अपनी फिटनेस के लिए योग और प्राणायाम को महत्वपूर्ण मानते हैं। उनकी सुबह जल्दी शुरू होती है और योग के साथ टहलना भी उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। वह अक्सर लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग अपनाने की सलाह देते हैं।

व्यस्त कार्यक्रम के बीच संतुलित जीवन

प्रधानमंत्री का दिन बैठकों, यात्राओं और विभिन्न कार्यक्रमों से भरा रहता है। इसके बावजूद वह सुबह अखबार पढ़ने, ईमेल देखने और जरूरी संदेशों की जानकारी लेने के लिए समय निकालते हैं। वह कई बार सादगीपूर्ण जीवन जीने की बात कह चुके हैं। नरेंद्र मोदी धार्मिक अवसरों पर उपवास भी रखते हैं। विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक उपवास रखने की बात उन्होंने साझा की है। उनकी जीवनशैली में अनुशासन, योग और आत्मनियंत्रण को प्रमुख स्थान प्राप्त है।

मिठास पर महंगाई का असर, 29 प्रतिशत तक बढ़े दाम

चीनी, दूध, खोया और ड्राई फ्रूट्स महंगे होने से बढ़ी मिठाई कारोबारियों की लागत

सीमा सन्देश # जयपुर



दिवाली के त्योहार पर इस बार मिठाइयों की मिठास महंगाई के कारण फीकी पड़ती नजर आ रही है। चीनी, दूध, खोया, दाल, आटा, चावल और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों का असर मिठाई बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। कारोबारियों के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस बार मिठाइयों के दाम औसतन 10 से 15 फीसदी तक बढ़े हैं, जबकि कुछ विशेष मिठाइयों की कीमतों में 29 फीसदी तक वृद्धि हुई है।

काजू कतली से खीर मोहन तक बढ़े दाम : मिठाई कारोबारियों के अनुसार, काजू कतली, मावे की बर्फी, लड्डू, बेसन मिठाई और छेना से बनी मिठाइयों की लागत बढ़ी है। जयपुर में काजू कतली की कीमत करीब 1000 रुपये से बढ़कर 1200 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। जोधपुर में देसी घी की मिठाइयां 560 से बढ़कर 660 रुपये प्रति किलो, बीकानेर में रसगुल्ला 350 से 400 रुपये और गंगापुर सिटी में खीर मोहन 350 से बढ़कर 450 रुपये प्रति किलो तक हो गया है।

ड्राई फ्रूट्स और कच्चे माल ने बढ़ाई लागत : दिवाली पर काजू, बादाम, पिस्ता और किशमिश की मांग बढ़ने के साथ इनके दामों में भी तेजी आई है। कारोबारियों के मुताबिक, सूखे मेवे करीब 25 से 30 फीसदी तक महंगे हुए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर प्रीमियम मिठाइयों पर पड़ा है। चीनी और दूध की कीमतों में बढ़ोतरी ने भी उत्पादन लागत बढ़ा दी है।

रसोई के बजट पर भी असर : महंगाई का असर केवल मिठाइयों तक सीमित नहीं है। पिछले एक महीने में चीनी, दूध, दाल और आटे की कीमतों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों से घरेलू खर्च बढ़ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि लागत बढ़ने के बावजूद ज्यादा कीमत बढ़ाना आसान नहीं है, क्योंकि इससे ग्राहकों की खरीदारी प्रभावित हो सकती है। आने वाले दिनों में बाजार में आपूर्ति और कच्चे माल की कीमतें ही महंगाई की दिशा तय करेंगी।

श्रीगंगानगर में 150 स्थानों पर गूंजेगा वंदे मातरम्

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 गौरवशाली वर्षों पर संस्कार भारती 30 अक्टूबर को शहर में लगभग 150 स्थानों पर प्रातः 10:31 बजे सामूहिक गायन करवाएगी। भारत माता चौक, बीरबल चौक, इंदिरा चौक, महाराजा गंगासिंह चौक, गांधी चौक, अंबेडकर सर्किल, सुखाड़िया सर्किल, मीरा चौक, चहल चौक व अग्रसेन चौक सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजन होंगे। अध्यक्ष उमेश बंसल, संयोजक राधा शर्मा, उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष निर्मल जैन, सोनिया कांसल, ममता गुप्ता, नरेश अरोड़ा तथा एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया कि प्रातः 11:46 बजे एसडी बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह होगा।

नहर में मिले शव की हुई पहचान

सीमा सन्देश# नेतेवाला। जीजी नहर में बुधवार को मिले शव की पहचान पंजाब के खुईखेड़ा निवासी संजू सुथार के रूप में हुई। एएसआई विनोद चौधरी ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और 26 अक्टूबर की रात घर से निकल गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

कागजों में रेगुलेशन जारी; 25 घंटे बाद भी सूखी रसलाना वितरिका, किसानों में रोष

धरातल पर पानी नदारद, सी ग्रुप रेगुलेशन निरस्त करने की उठाई मांग

सीमा सन्देश # नोहर। सिद्धमुख सिंचाई प्रणाली में सी ग्रुप रेगुलेशन जारी होने के 25 घंटे बाद भी रसलाना वितरिका सहित संबंधित माइनरों और खालों में पानी नहीं पहुंचने से किसानों का आक्रोश बढ़ गया है। किसानों ने रेगुलेशन की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे निरस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि विभागीय कागजों में पानी चल रहा है, लेकिन खेतों तक पहुंचने वाली नहरें, माइनर और खाले सूखे पड़े हैं। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन में भी उन्हें पर्याप्त सिंचाई पानी नहीं मिला था। अब रबी सीजन में भी वही स्थिति बनने से फसलों की सिंचाई को लेकर चिंता बढ़ गई है। किसानों ने भादरा क्षेत्र में जल चोरी और अवैध मोघों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए जल संसाधन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।



टेल तक पानी पहुंचाने की मांग

किसानों ने मांग की है कि रसलाना वितरिका सहित संबंधित माइनरों और खालों की टेल तक निर्धारित मात्रा में पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए नियमित निगरानी, गश्त और नहरों में पानी के प्रवाह की माप कराई जाए, ताकि पानी की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और गड़बड़ी पर प्रभावी कार्रवाई हो। किसानों का स्पष्ट कहना है कि जब तक टेल तक पानी नहीं पहुंचता, तब तक रेगुलेशन का कोई औचित्य नहीं है। किसानों को कागजों में जारी आदेश नहीं, बल्कि खेतों तक वास्तविक सिंचाई पानी चाहिए।

करवा चौथ: महिला पुलिसकर्मियों ने भूखे पेट निभाई ड्यूटी, कर्तव्य के बाद सुनी कथा- परिवार के साथ अपने स्वास्थ्य और सम्मान का भी रखें ध्यान: महिला कांस्टेबलों का संदेश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़

करवा चौथ पर सुहागिनों ने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के साथ निर्जला व्रत रखा। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने आस्था के साथ कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला कांस्टेबलों ने सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक भूखे पेट ड्यूटी की और इसके बाद दोपहर 2 बजे करवा चौथ की कथा सुनकर पूजा-अर्चना की। एएसपी राज कंवर के निर्देशानुसार



उन्हें दोपहर 2 बजे से हाफ सीएल दी गई, जिससे वे धार्मिक परंपराएं निभा सकें। यूनिट में तैनात महिला कांस्टेबल माया ने महिलाओं को संदेश दिया कि वे परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपने स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मसम्मान का भी पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि महिला स्वस्थ रहेगी, तभी परिवार की बेहतर देखभाल कर पाएगी। आस्था के तहत पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना के साथ स्वयं को नजरअंदाज न करें।

घरों में पूजा की तैयारियों के बीच महिला पुलिसकर्मियों का यह समर्पण दशार्ता है कि महिलाएं परिवार, आस्था और पेशेवर जिम्मेदारियों में बखूबी संतुलन बना सकती हैं।

जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 700 किलो कच्चा माल सीज, 80 निरीक्षण कर लिए 152 सैंपल

मिलावटखोरों पर शिकंजा, 760 किलो मिठाई व सामग्री नष्ट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़

दीपावली के त्योहार पर लोगों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिले में 13 अक्टूबर से चल रहे इस अभियान के तहत अब तक खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों ने 80 निरीक्षण किए और 152 सैंपल एकत्रित किए हैं। कार्रवाई के दौरान 760 किलोग्राम मिठाई एवं मिठाई निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री नष्ट करवाई गई, जबकि अमानक होने के संदेह में करीब 700 किलोग्राम सामग्री सीज की गई। आयुक्त, पीएचएस एवं जिला कलक्टर के निर्देशन में चलाया जा रहा यह अभियान 8 नवंबर तक जारी रहेगा। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की



तीन टीमें गठित की गई हैं। इनमें पहली टीम हनुमानगढ़, टिब्बी और संगरिया क्षेत्र में, दूसरी टीम पीलीबंगा और रावतसर क्षेत्र में तथा तीसरी टीम नोहर-भादरा क्षेत्र में कार्रवाई कर रही है। तीनों टीमें लगातार निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई में जुटी हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को खाद्य सामग्री में मिलावट या अमानकता का संदेह है, तो वह विभाग को शिकायत कर सकता है। शिकायत की जांच में मामला असुरक्षित खाद्य सामग्री का पाए जाने पर मुखबिर योजना के तहत शिकायतकर्ता को सरकार की ओर से निर्धारित राशि प्रदान की जाती है। साथ ही शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने खाद्य कारोबारियों से अपील की कि दीपावली के सीजन में मिठाई, ड्राई फ्रूट सहित अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। खाद्य पदार्थों के निर्माण में शुद्ध सामग्री का इस्तेमाल करें और जहां तक संभव हो, खाद्य सामग्री पर एक्सपायरी तिथि अंकित करें। किसी भी तरह की मिलावट से बचें, ताकि ग्राहकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके।

खरीदारी करते समय ये बातें रखें ध्यान

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से भी अपील की कि दीपावली पर मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय सावधानी बरतें। पैक्ड खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी तिथि अवश्य जांचें और सामग्री का वजन भी चैक करें। जिस दुकान या प्रतिष्ठान से सामान खरीदा जा रहा है, वहां साफ-सफाई की स्थिति देखें। यह भी सुनिश्चित करें कि मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थ ढककर रखे गए हों। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार का संदेह होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बड़बिराना के दो चचेरे भाइयों की मौत, गांव में पसरा मातम

बस स्टैंड के पास बिजली के पोल से टकराई बाइक; प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे दोनों युवक

सीमा सन्देश # नोहर। बीती रात नोहर में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बड़बिराना गांव के दो युवकों की असमय मौत हो गई। शिवाजी बस स्टैंड के पास हुए इस हादसे ने एक ही परिवार के दो घरों के चिराग बुझा दिए, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया है।

पुलिस के अनुसार, गांव बड़बिराना निवासी मुकेश और अनुज रात करीब 12 बजे बाइक पर अपने एक दोस्त को लेने जा रहे थे। इसी दौरान शिवाजी बस स्टैंड के पास बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। गुरुवार दोपहर राजकीय उप जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपे गए। मृतक मुकेश और अनुज रिश्ते में चचेरे भाई थे और नोहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। दोनों परिवार के सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत में जुटे थे, लेकिन इस हादसे ने सब कुछ छीन लिया। गुरुवार को गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

प्रतिबंधित 8 हजार कैप्सूल बरामद

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। सिटी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान वार्ड नंबर 1 में बाइपास के पास एक संदिग्ध व्यक्ति से प्रतिबंधित प्रेगाबालिन के 8 हजार कैप्सूल बरामद किए। उप निरीक्षक विजेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी कृष्णलाल नायक निवासी सूरतगढ़ को हिरासत में लेकर कैप्सूल जब्त किए गए।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528